

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 317

ग्वालियर, शनिवार 06 अगस्त 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.


# अंदर ही अंदर अंबानी और अडानी में बढ़ रही है तकरार

## मुकेश अंबानी की चुप्पी बड़े धमाके का संकेत

**नई दिल्ली।** देश के सबसे बड़े और बहुचर्चित शीर्ष उद्योगपति मुकेश अंबानी और गौतम अडानी के बीच तकरार बढ़ती ही जा रही है। मुकेश अंबानी का साम्राज्य अडानी की तुलना में बड़ी तेजी के साथ पिछड़ रहा है। मुकेश अंबानी वर्तमान स्थिति में सरकार और वित्तीय संस्थानों द्वारा गौतम अडानी को मदद करने से नाराज हैं। वर्तमान राजनैतिक स्थिति में उन्होंने मौन धारण कर रखा है। औद्योगिक जगत में चर्चा होने लगी है कि जल्द ही दोनों उद्योग पतियों की जंग सतह पर आ सकती है। मुकेश अंबानी कोई बड़ा धमाका कर सकते हैं। गौतम अडानी समूह लगातार मुकेश अंबानी के रिलायंस इंडस्ट्रीज समूह के व्यापार और व्यवसाय में अपना दखल बढ़ाता जा रहा है। हाल ही में अडानी समूह ने 5त्र स्पेक्ट्रम के माध्यम से टेलीकॉम क्षेत्र में अपना दखल बढ़ाया। इसके अलावा पेट्रोकेमिकल,ग्रीन एनर्जी,मीडिया, टेलीकॉम सेक्टर, बायोगैस सेक्टर में अडानी समूह की पैठ बढ़ने से रिलायंस समूह की ताकत बड़ी तेजी के साथ





राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय जगत में कम हो रही है। सरकार के समर्थन और वित्तीय संस्थाओं द्वारा लगातार कर्ज उपलब्ध होने से अडानी समूह का नेटवर्थ बड़ी तेजी के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ रहा है। मुकेश अंबानी इन सारी स्थितियों पर नजर रख रहे हैं। दोनों ही उद्योगपति गुजरात के हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के रिश्ते मुकेश अंबानी और गौतम अदानी दोनों के साथ हैं। दोनों दिग्गज नेताओं का झुकाव गौतम अडानी की तरफ बढ़ने से धीर गंभीर मुकेश अंबानी ने हाल फिलहाल चुप्पी साध रखी है। जिस तरह से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रिलायंस इंडस्ट्रीज का दबदबा कम हो रहा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रिलायंस समूह के लिए अवसर कम हो रहे हैं। उससे मुकेश अंबानी की चिंताएं बढ़ गई हैं।अंदर खाने के सूत्रों की माने तो जल्द ही मुकेश अंबानी अपने स्तर और अस्तित्व को बचाए रखने के लिए गौतम अडानी को लेकर कोई बड़ा धमाका अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कर सकते हैं।

## 25 लाख से ज्यादा तिरंगे बाटेंगी दिल्ली सरकार, केजरीवाल ने कहा भारत को दुनिया का नंबर वन देश बनाना

**नई दिल्ली।** देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। देश को आजाद हुए 75 साल पूरे हो रहे हैं। इस लेकर कई कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। वहीं दिल्ली सरकार भी आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के मौके पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करेगी। इस लेकर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने



कहा कि लोग बहुत खुश हैं। अलग-अलग सरकारें इस अपने अपने स्तर पर मना रही है। उन्होंने कहा कि मैं लोगों से अपील करना चाहता हूं कि 14 तारीख को हमारे स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर शाम 5:00 बजे हर भारतवासी अपने हाथ में तिरंगा लेकर राष्ट्रगान गाए। इसके साथ ही उन्होंने कहा है कि दिल्ली में इस कार्यक्रम को लेकर हम बहुत बड़े स्तर पर लोगों के बीच तिरंगा बांटने वाले हैं। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में 25 लाख से ज्यादा तिरंगा बांटे जाएंगे। इसके साथ उन्होंने कहा कि जो लोग अपने से तिरंगा बना सकते हैं या खरीद सकते हैं, वे जरूर ऐसा कर लें। सरकारी स्कूलों में हर बच्चे को तिरंगा दिया जाएगा ताकि वे उसे अपने घर ले जाकर परिवार के साथ हाथ में तिरंगा लेकर राष्ट्रगान गा सकें। अपने घर पर तिरंगा लगा सके। गली मोहल्ले और चौक के ऊपर तिरंगे बांटे जाएंगे। उन्होंने बार-बार इस बात को दोहराया कि 14 तारीख को शाम में हाथ में तिरंगा लेकर आप राष्ट्रगान जरूर गए और उसी तरंगे को आप अपने घर पर लगाएं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जब हम हाथ में तिरंगा लेकर राष्ट्रगान गाएंगे, तब उसी समय हमें प्रण करना होगा हम भारत को दुनिया का सबसे शक्तिशाली और सर्वश्रेष्ठ राष्ट्र बनाएंगे। केजरीवाल ने कहा कि हमें भारत को दुनिया का नंबर वन राष्ट्र बनाना है। हमें याद रखना होगा कि जब तक हर बच्चे को अच्छी शिक्षा नहीं मिलेगी, तब तक देश दुनिया का नंबर वन राष्ट्र नहीं बन सकता। हमें अच्छी शिक्षा के लिए इंतजाम करना पड़ेगा। जब तक लोगों को अच्छी मेडिकल सुविधाएं नहीं मिलेंगी तब तक भारत दुनिया का नंबर वन राष्ट्र नहीं बन सकता।

# महंगाई के खिलाफ मार्च करते राहुल गांधी को पुलिस ने हिरासत में लिया






## अब बीच सड़क धरने पर बैठीं प्रियंका गांधी

नई दिल्ली।

कांग्रेस पार्टी बढ़ती महंगाई को लेकर केंद्र सरकार को घेरने के लिए लामबंद हो प्रदर्शन करने दिल्ली की सड़कों पर उतरी। कांग्रेस महंगाई, जीएसटी, और केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ शुक्रवार को सड़क से संसद तक प्रदर्शन कर रही है। इस बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। राहुल तमाम कांग्रेस नेताओं के साथ महंगाई के खिलाफ राष्ट्रपति भवन की तरफ मार्च कर रहे थे। राहुल के अलावा शशि थरूर को भी हिरासत में लिया गया है। कई कांग्रेसी इस वक्त विजय चौक पर धरने पर बैठे हैं। हालांकि, दिल्ली पुलिस ने पूरे जिले में धारा 144 लगा दिया है। वहीं, अब प्रियंका गांधी भी धरने पर बैठ गई हैं। राजपथ के नजदीक प्रदर्शन कर रहे राहुल गांधी ने कहा है, 'पुलिस ने कांग्रेस सांसदों को घसीटा है। कुछ लोगों को मारा भी है। आप सभी देख रहे हैं कि लोकतंत्र की हत्या हो रही है। ये लोग महंगाई पर प्रदर्शन नहीं करने दे रहे हैं।' दिल्ली में सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका की अगुवाई में कांग्रेस का मार्च निकल रहा है। राष्ट्रपति भवन तक कांग्रेस नेता मार्च कर रहे हैं, वहीं पीएम हाउस का घेराव भी करने की तैयारी है। हालांकि मौके पर भारी पुलिसबल मौजूद है।

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी पार्टी मुख्यालय से अपने कार्यकर्ताओं के साथ पीएम हाउस की तरफ बढ़ रही हैं। उन्हें रोकने के लिए पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाई है। पुलिस और कांग्रेस नेताओं में झड़प भी देखी जा रही है। ऐसे में प्रियंका गांधी कांग्रेसियों के साथ बीच सड़क पर ही धरना देने बैठ गई हैं।

जम्मू-कश्मीर की पूर्व सीएम और पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने बीजेपी पर हमला बोला है। उन्होंने कहा, 'भाजपा आने वाले समय में इस देश के संविधान को भी खत्म कर देगी और एक मज़हबी मुल्क बनाएगी। जो तिरंगा आप शान से फहरा रहे हैं उसको बदलकर भगवा झंडा लाएगी। वे उसी तरह से इस मुल्क के संविधान और तिरंगे को बदलेंगे, जिस तरह से जम्मू-कश्मीर का संविधान और झंडा छीना था।'

## ईडी की हिरासत में संजय राउत, चिठ्ठी लिखकर विरोधी नेताओं का माना आभार

**मुंबई।** पात्रा चॉल घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय की हिरासत में शिवसेना सांसद संजय राउत ने विपक्षी दलों के नेताओं को एक चिट्ठी लिखी है। चिट्ठी के द्वारा उन्होंने विपक्ष के नेताओं का आभार जताया है।



चिट्ठी में उन्होंने लिखा है कि ऐसा कहा जाता है कि सबसे कठिन समय में आपको यह आभास होता है, कि आपका विश्वसनीय कौन हैं। जब केंद्रीय एजेंसियों के माध्यम से केंद्र सरकार मेरे खिलाफ राजनैतिक अभियान चलाने का काम कर रही है, उस समय आप लोगों ने मुझे भारी समर्थन दिया है। इसके लिए मैं आभारी हूं। उन्होंने कहा कि मेरी लड़ाई हमेशा जारी रहेगी। मैं किसी के दबाव में झुकने वाला नहीं हूं और ना ही लड़ाई को लेकर अपने संकल्प को तोड़ूंगा। राउत ने लिखा है कि हिंदू हृदय सम्राट बाला साहब ठाकरे जी ने हमें सिखाया है कि रोओ नहीं, जो सही है उसके लिए लड़ो। इसके साथ ही राउत ने लिखा कि मैं इस मौके पर आपके शब्दों, आपके कार्यों और आपके विचारों के माध्यम से मुझे समर्थन देने के लिए धन्यवाद देता हूं। मेरे पार्टी के सहयोगियों के साथ-साथ संसद के अंदर और बाहर इस मुद्दे को उठाने के लिए दिखाई गई एकजुटता का भी धन्यवाद देता हूं। राउत ने विशेष तौर पर कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के लिए धन्यवाद लिखा है क्योंकि इस पूरे विवाद में उन्होंने शिवसेना नेता का जमकर समर्थन किया है।

# नई दिल्ली, बंगलुरु, गोवा, कोलकाता और मुंबई के लिए लखनऊ ने नई विमान सेवा शुरु

**लखनऊ।** लखनऊ से नई दिल्ली, बंगलुरु, गोवा, कोलकाता और मुंबई तक आवागमन और आसान होगा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को नई दिल्ली, बंगलुरु और गोवा के लिए एयर एशिया की नई उड़ान सेवा का शुभारंभ किया, जबकि कोलकाता और मुंबई की फ्लाइट अगले माह से शुरू होगी। सीएम योगी ने बेहतर कनेक्टिविटी को विकास की गति तेज करने का सहज माध्यम बताते हुए यूपी को कनेक्टिविटी के लिहाज से सर्वोत्तम प्रदेश बनाने का संकल्प दोहराया। वहीं प्रदेश में हवाई सेवा को बेहतर करने की मुख्यमंत्री योगी की कोशिशों की प्रशंसा करते हुए केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने नई हवाई सेवाओं के लिए लखनऊ को बधाई दी है। लखनऊ स्थित चौधरी चरण



सिंह हवाईअड्डा, परिसर में आयोजित कार्यक्रम में सीएम ने तीन शहरों के लिए एयर एशिया की उड़ान सेवाओं की शुरुआत की। इस मौके पर सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री जी द्वारा प्रारंभ की गई %उड़ान% योजना का उत्तर प्रदेश ने अत्यधिक लाभ प्राप्त किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने हवाई चप्पल पहनने वाले आम आदमी के हवाई उड़ान का सपना देखा था, उत्तर प्रदेश में बेहतर होती हवाई सेवाएं, इस स्वप्न के साकार होने जैसी हैं। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले प्रदेश में मुख्यतः लखनऊ और वाराणसी में ही एयरपोर्ट थे।

## साल-2020 में पॉक्सो अधिनियम के अंतर्गत 47,221 मामले दर्ज हुए : स्मृति ईरानी

**नई दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र में केंद्र सरकार में महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने लोकसभा में बताया कि पॉक्सो अधिनियम के तहत बच्चों के शोषण के वर्ष 2019 में 47,324 मामले और वर्ष 2020 में 47,221 मामले दर्ज किये गए। उन्होंने टीएमसी सांसद नुसरत जहां के एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। स्मृति ने बताया कि यौन अपराधों से बालकों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत बच्चों के शोषण के संबंध में राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, 2019 में पॉक्सो अधिनियम के तहत राज्यों/संघ राज्य क्षेत्र में पंजीकृत मामलों की कुल संख्या 47,324 थी।

## थाईलैंडः नाइट क्लब में भीषण अग्निकांड, 13 लोग जलकर मरे, 35 झुलसे

**चोनबुरी।** थाईलैंड से एक दर्दनाक खबर आ रही है। यहां की राजधानी बैंकॉक के दक्षिण-पूर्व में चोनबुरी प्रांत के एक नाइट क्लब में शुक्रवार को आग लगने से 13 लोगों की मौत हो गई और 35 अन्य घायल हो गए। पुलिस अधिकारी ने घटना की जानकारी दी है। पुलिस कर्नल वुटिपोंग सोमजाई ने टेलीफोन पर बताया कि सट्टाहिप जिले के माउंटेन बी नाइट क्लब में आग लगभग गुरुवार और शुक्रवार की मध्य रात्रि 1ः00 बजे



लगी थी। वहीं मॉस्को में बीते बुधवार को एक गोदाम में भीषण आग लग गई, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई, दो लापता हो गए और कम से कम 13 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रूस के प्रमुख ऑनलाइन विक्रेता 'ओजोन' के एक गोदाम में आग लगने के कारण 50 हज़ार वर्ग मीटर का क्षेत्र प्रभावित हुआ। आपात स्थिति के अधिकारियों ने बताया कि हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मॉस्को के गवर्नर आंद्रेई वोरोब्योव ने बताया कि दो लोग लापता हैं। अधिकारियों ने बताया कि घायल हुए 13 व्यक्तियों में से दो लोग अस्पताल में भर्ती हैं।

# ममता से नाराज हुए विपक्षी दल, पीएम मोदी से मुलाकात को बताया मैच फिक्सिंग

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की दिल्ली यात्रा से विपक्षी दलों में उनका विरोध तेज हो गया है। कांग्रेस और वाम दल सीएम ममता बनर्जी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मुलाकात को मैच फिक्सिंग करार दिया है। विपक्षी दल तृणमूल कांग्रेस पार्टी सुप्रीमो के इस दौरे को प्रवर्तन निदेशालय की हालिया कार्रवाई से जोड़कर देख रही हैं। सीएम ममता बनर्जी चार दिनों के लिए राजधानी पहुंची हैं। वह यहां नीति आयोग की बैठक में शामिल होंगी और अपनी पार्टी के सांसदों से भी मिलकर फ्लोर स्ट्रैटेजी तैयार करेंगी। बंगाल कांग्रेस के प्रवक्ता रित्जू घोषाल ने कहा यह मैच फिक्सिंग 2016 बंगाल विधानसभा चुनाव से जारी है। ईडी ने कोयला



घोटाला मामले में अभिषेक बनर्जी से केवल दो बार पूछताछ की है। जबकि, सोनिया गांधी और राहुल से बगैर किसी आधार के नेशनल हेराल्ड मामले में हर रोज परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कांग्रेस को कमजोर करने के लिए भाजपा टीएमसी जैसी क्षेत्रीय पार्टियों को मजबूत कर रही है।

टीएमसी ने गोवा और त्रिपुरा चुनाव केवल विपक्षी दलों को बांटने के लिए लड़े थे। इधर, सीपीआई (एम) के बंगाल सचिव मोहम्मद सलीम ने कहा यह मीटिंग मैच फिक्सिंग व्यवस्था का हिस्सा है, जो सालों से चल रही है। यह कहा जा रहा है कि बनर्जी, मोदी से राज्य की मांगों को लेकर चर्चा करना चाहती हैं। इस मामले में आमने-सामने की बैठक क्यों? नौकरशाहों को मौजूद रहना चाहिए। इससे पहले सचिव स्तरीय बैठक होनी चाहिए। यह सभी सेटिंग का हिस्सा है। जनता को बेवकूफ नहीं बनाया जा सकता। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिलीप घोष ने कहा कि बनर्जी हमेशा प्रधानमंत्री के साथ बैठक का फायदा उठाती हैं। वह लोगों को बताती हैं कि उन्होंने सभी परेशानियों को ठीक कर दिया है। हम उम्मीद करते हैं केंद्र उनकी योजनाओं में मदद नहीं करेगा। इधर, भाजपा के बंगाल प्रमुख सुकांत मजूमदार ने कहा कि बैठक बनर्जी के लिए किसी तरह से मददगार नहीं होगी। गुरुवार को अपने भतीजे और टीएमसी महासचिव अभिषेक बनर्जी के साथ दिल्ली पहुंचीं बनर्जी शुक्रवार को पीएम मोदी से मिल सकती हैं। दरअसल, पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी की गिरफ्तारी के कुछ दिन बाद हो रही इस यात्रा के चलते विपक्षी दल बनर्जी पर सवाल उठा रहे हैं। ईडी ने चटर्जी को शिक्षक भर्ती घोटाला मामले में गिरफ्तार किया था। खास बात यह है कि राजधानी कोलकाता रवाना होने पर भी उन्होंने कोई बयान जारी नहीं किया।

## खास खबर

### महबूबा का आरोप, आने वाले सालों में देश में तिरंगे की जगह भगवा झड़ा फहराएगी भाजपा

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर की पूर्व सीएम और पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय के बाहर मोदी सरकार के 5 अगस्त, 2019 के फैसले के विरोध में प्रदर्शन किया। इसके बाद उन्होंने पार्टी नेता गुलाम नबी लोन हंजुरा के साथ मिलकर लाल चौक तक विरोध मार्च निकाला। महबूबा ने केंद्र सरकार पर निशाना साधकर कहा कि जैसे-जैसे जम्मू-कश्मीर के लिए भाजपा के दुर्भावनापूर्ण मंसूबों का पर्दाफाश हुआ है, दमन और भय का पैटर्न अब देश के बाकी हिस्सों के दरवाजे पर भी दस्तक दे रहा है। असहमति को दबाने के लिए अपनी पालतू एजेंसियों को हथियार देना और आतंकी कानूनों का इस्तेमाल करना आम बात हो गई है। उन्होंने कहा कि आपकी चुप्पी और मिलीभगत ने केंद्र को कहर बरपाने ??के लिए प्रोत्साहित किया। आज वे भारतीय लोकतंत्र का समर्थन करने वाले हर स्तंभ को तोड़कर उसे कुचल रहे हैं। भाजपा का जम्मू-कश्मीर का तथाकथित एकीकरण, जो कभी नहीं हुआ, हमें भारी कीमत चुकानी पड़ी। महबूबा ने कहा कि जम्मू-कश्मीर विकास सूचकांक में फिसल गया है। बेरोजगारी और महंगाई चरम पर है। इसी बीच महबूबा ने कहा कि भाजपा आने वाले समय में देश के संविधान को भी खत्म कर देगी और एक मजहबी मुल्क बनाएगी। जो तिरंगा आप शान से फहरा रहे हैं, उस बदलकर भगवा झंडा लाएगी। वे उसी तरह से इस मुल्क के संविधान और तिरंगे को बदलने वाले हैं, जिस तरह से जम्मू-कश्मीर का संविधान और झंडा छीना था।

### पाकिस्तान में दुकान पर ग्रेनेड हमला, एक की मौत, 14 घायल

**क्वेटा।** दक्षिण पश्चिम बलूचिस्तान प्रांत में पाकिस्तानी राष्ट्रीय ध्वज बेच रही एक दुकान पर गुरुवार रात को संदिग्ध अलगाववादियों ने ग्रेनेड फेंका, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और 14 लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। अभी किसी ने क्वेटा में हुए हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। यह हमला सड़क किनारे बनी एक दुकान पर हुआ। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी फिदा हुसैन ने बताया कि घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रांतीय स्वास्थ्य विभाग के प्रवक्ता वासिम बेग ने बताया कि एक घायल की हालत गंभीर है। गौरतलब है कि बलूचिस्तान में अलगाववादी इस्लामाबाद में केंद्र सरकार से आजादी की मांग करते रहे हैं। सरकार का कहना है कि उसने उग्रवाद को खत्म कर दिया है लेकिन इस प्रांत में हिंसा अब भी होती रहती है।

### कलयुगी मां ने 4 साल के बच्चे को चौथी मंजिल से नीचे फेंका, हुई मौत

**बेंगलुरु।** किसी भी बच्चे के लिए दुनिया में उसकी मां सबसे बड़ी रक्षक होती है। मां अपने बच्चे को दुनिया की हर मुश्किलों से बचाती है, लेकिन बेंगलुरु से ऐसा वीडियो सामने आया जिसने सभी को हैरान कर दिया। यहां एक मां ने अपने ही 4 साल के बच्चे की जान की दुश्मन बनी और बच्चे को अपार्टमेंट की चौथी मंजिल से नीचे फेंक दिया। बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। बच्चे की जान लेने वाली मां की यह शर्मनाक हरकत सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई थी। वीडियो में देखा जा सकता है कि महिला ने बच्चे को दोनों हाथों से पकड़कर अपार्टमेंट की रेलिंग में खड़ी है और वह मासूम बच्चे को नीचे फेंक देती है। इसके बाद वहां खुद रेलिंग के ऊपर चढ़ जाती है. महिला कुछ देर तक रेलिंग पर खड़ी रही लेकिन इतने में ही वहां पर कुछ अन्य लोग आ जाते हैं। वह पहले नीचे देखते हैं और इसके बाद उन्हें पूरा मामला समझ में आ जाता है। लोग महिला को पकड़ते हैं और उसे रेलिंग से पीछे घसीटते हैं। घटना स्थल पर पुलिस ने पहुंचकर मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बच्चा मानसिक रूप से विक्षिप्त था। बताया जा रहा है कि बच्चा गूंगा भी था। बच्चे की बीमारियों से महिला परेशान थी और इसी वजह से उसने यह खौफनाक कदम उठाया। पुलिस महिला को गिरफ्तार कर लिया है।

### महाराष्ट्र के 15 जिलों की 238 ग्राम पंचायतों में चुनाव में उद्धव ठाकरे गुट को मिली सीटें

**मुंबई।** महाराष्ट्र में गठबंधन सरकार गिरने के बाद राज्य के 15 जिलों की 238 ग्राम पंचायतों में चुनाव के लिए गुरुवार को मतदान किया गया। सत्ता हस्तांतरण के बाद पहली बार हुए इन चुनावों के नतीजे शुक्रवार को घोषित किए गए। ग्राम पंचायत चुनाव के शुरुआती रुझानों में शिवसेना के उद्धव ठाकरे खेमे ने सोलापुर जिले की दो ग्राम पंचायतों के चुनाव में भाजपा को झटका दिया है। सोलापुर की चिंचपुर ग्राम पंचायत में शिवसेना के उद्धव ठाकरे के खेमे के सभी उम्मीदवारों ने जीत हासिल की है। यहां शिवसेना के 7 में से 7 उम्मीदवारों ने जीत हासिल की है। वहीं दक्षिण सोलापुर तालुका की मंगोली ग्राम पंचायत में भाजपा के सुभाष देशमुख को बड़ा झटका लगा है।

## न्यूज़ ट्रैक....

### टी20 विश्व कप में गेल के नाम है सबसे ज्यादा छक्के

**मुम्बई** । ऑस्ट्रेलिया में इसी साल अक्टूबर-नवंबर में होने वाले टी20 विश्वकप में कई नये रिकार्ड बन सकते हैं। विश्व कप को लेकर सभी टीमों की तैयारियों जारी हैं। मेजबान ऑस्ट्रेलिया के अलावा , इंग्लैंड , भारत और पाकिस्तान के इसमें खिताबी मुकाबले में पहुंचने की उम्मीदें जतायी जा रही हैं। इन सभी टीमों के पास कई आक्रामक खिलाड़ी हैं।
टी20 विश्व कप क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकार्ड वेस्टइंडीज के पूर्व आक्रामक बल्लेबाज क्रिस गेल के नाम है। गेल ने विश्व कप में अब तक 33 मैचों में 965 रन बनाए हैं। इस दौरान इस बल्लेबाज ने 78 चौके और 63 छक्के लगाये हैं। वहीं विश्व कप में सबसे ज्यादा छक्के लगाने के मामले में दूसरे नंबर पर पूर्व भारतीय ऑलराउंडर खिलाड़ी युवराज सिंह हैं। युवराज ने टी20 विश्व कप के 31 मैचों में कुल 593 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने 38 चौके और 33 छक्के लगाये हैं। वहीं तीसरे स्थान पर भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा हैं। रोहित ने 33 मैच खेलते हुए 847 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने 80 चौके 31 छक्के लगाये हैं। वहीं चौथे स्थान पर ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर आते हैं। वॉर्नर ने ऑस्ट्रेलिया के लिए टी20 विश्व कप में 30 मैचों में 80 चौके एवं 31 छक्के लगाकर कुल 762 रन बनाये हैं। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया के ही पूर्व ऑलराउंडर खिलाड़ी शेन वॉटसन आते हैं। वॉटसन ने 24 मैच खेलते हुए 537 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने 41 चौके और 31 छक्के लगाये। छठवें स्थान पर दक्षिण अफ्रीकी स्टार बल्लेबाज ए एबी डिविलियर्स का नाम आता है।

### अर्शदीप को टी20 विश्वकप के लिए शामिल करें: श्रीकांत

**मुम्बई** । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और चयनकर्ता रहे कृष्णमाचारी श्रीकांत ने कहा है कि युवा तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को ऑस्ट्रेलिया में होने वाले आगामी टी20 विश्व कप क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम में शामिल किया जाना चाहिये। श्रीकांत, अर्शदीप की गेंदबाजी से खासे प्रभावित हैं। अर्शदीप ने आइपीएल में अपनी घातक गेंदबाजी से सबका ध्यान खींचा था। इसी कारण उन्हें भारतीय टीम में शामिल किया गया। इस गेंदबाज ने उसके बाद से ही दक्षिण अफ्रीका और वेस्ट के बाद इंग्लैंड के खिलाफ भी बेहतरीन गेंदबाजी की है। अर्शदीप ने दबाव के बीच ही डेथ ओवर में अपनी स्टीक गेंदबाजी से सबको प्रभावित किया है।

### सिंधु राष्ट्रमंडल खेलों के प्री क्वार्टरफाइनल में पहुंची

**बर्मिंघम** । भारत की अनुभवी बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु राष्ट्रमंडल खेलों की महिला एकल स्पर्धा के प्री क्वार्टरफाइनल में पहुंच गयी हैं। सिंधु ने राउंड 32 के मुकाबले में मालदीव की फातिमा नबाहा अब्दुल रज्जाक को आसानी से केवल 21 मिनट में ही 21-4, 21-11 से हरा दिया। सिंधु के सामने इस मुकाबले में मालदीव की फातिमा टिक नहीं पायीं। पहले ही गेम में सिंधु ने आक्रामक रुख अपनाते हुए अपनी विरोध खिलाड़ी को कोई अवसर नहीं दिया। दूसरे गेम में फातिमा ने शुरूआत में प्रतिरोध का प्रयास किया और एक समय वह सिंधु की गलतियों का लाभ उठाकर 9-9 की बराबरी पर आयी लेकिन इसके बाद सिंधु ने फिर तेजी दिखाते हुए ब्रेक तक 11-9 की बढ़त हासिल कर ली। इसके बाद सिंधु ने आराम से अंक हासिल कर अंतिम 16 में प्रवेश किया।

# कॉमनवेल्थ गेम्स में भिड़े हॉकी खिलाड़ी : स्टिक लगने से नाराज एक खिलाड़ी ने दूसरे का गला पकड़ा

**बर्मिंघम** ।कॉमनवेल्थ गेम्स में गुरुवार को इंग्लैंड और कनाडा के बीच पुरुष हॉकी मैच खेला गया। इस दौरान दो खिलाड़ियों के बीच जमकर लड़ाई देखने को मिली। कनाडा के बलराज पनेसर और इंग्लैंड के क्रिस ग्रिफिथ ने एक दूसरे की गर्दन पकड़ ली और मैदान पर ही भिड़ गए। दोनों के बीच लड़ाई इतनी बढ़ गई कि खिलाड़ियों और रेफरी को बीच-बचाव करना पड़ा।

### बलराज पनेसर और स्टिक ग्रिफिथ के बीच हुई भिड़ंत

दरअसल हुआ ये कि इंग्लैंड की टीम कनाडा के खिलाफ गोल करने के लिए लगातार आक्रमण खेल दिखा रहे थे। तभी बलराज पनेसर की हॉकी स्टिक ग्रिफिथ के हाथ पर लगी और फंस गई। इससे ग्रिफिथ गुस्से में आ गए और पनेसर को धक्का दे दिया। जिससे पनेशर आगबबूला हो गए और उन्होंने इंग्लैंड के खिलाड़ी की गर्दन पकड़ ली। फिर दोनों ने एक दूसरे का टी शर्ट पकड़ा और खींचने लगे। ऐसा लगा खेल का मैदान जंग का मैदान बन गया है। तभी दोनों टीमों के खिलाड़ी आए और दोनों को अलग



किया। इसके बाद रेफरी ने कनाडा के बलराज पनेसर को रेड कार्ड दिखाया और बाहर भेज दिया। वहीं, क्रिस ग्रिफिथ को यलो कार्ड दिखाकर चेतावनी दी।

### कनाडा को मिली हार

मैच की बात करें तो इंग्लैंड ने कनाडा को 11-2 से हराया और ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहकर खत्म किया। पहले स्थान पर टीम इंडिया रही। सेमीफाइनल में इंग्लैंड का सामना वर्ल्ड चैंपियन ऑस्ट्रेलिया और भारत का सामना न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका के बीच जीतने वाली टीम से हो सकता है। भारत ने वेल्स को 4-1 से हराया था।

### भारत ने भी कनाडा को 8-0 से हराया था

इससे पहले बुधवार को भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने कनाडा को 8-0 से हरा कर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। भारत के लिए हरमनप्रीत सिंह और आकाशदीप सिंह ने सबसे ज्यादा दो-दो गोल दागे थे। इसके अलावा अमित रोहिदास, ललित उपाध्याय, गुरजंत सिंह और मनदीप सिंह ने भारत के लिए एक-एक गोल किया था।

# टी-20 में 2000 रन बना रोहित शर्मा के खास क्लब में शामिल हुईं स्मृति मंधाना

**नई दिल्ली** । भारतीय महिला क्रिकेट टीम की खिताबी बल्लेबाज स्मृति मंधाना के नाम एक और कीर्तिमान दर्ज हो गया है। स्मृति बतौर सलामी बल्लेबाज टी20 क्रिकेट में 2000 रन का आंकड़ा पार करने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बन गई हैं। वहीं बात पुरुषों और महिला क्रिकेट की करें तो मंधाना से पहले यह कारनामा सिर्फ भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने किया था। रोहित शर्मा के नाम क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में बतौर सलामी बल्लेबाज 2973 रन दर्ज हैं। इन दोनों के अलावा कोई भी भारतीय सलामी बल्लेबाज टी20 इंटरनेशनल में 2000 रन का आंकड़ा पार नहीं कर पाया है। मंधाना ने बारबाडोस के खिलाफ बुधवार रात हुए मुकाबले में ज्यादा कुछ कमाल नहीं दिखाया। वह मात्र 5 रन बनाकर ही आउट हो गईं, मगर इन रनों के दम पर उन्होंने टी20 में बतौर सलामी बल्लेबाज 2000 रन पूरे किए। मंधाना के नाम अब ओपनिंग करते हुए 80 मैचों में 27.45 की औसत से 2004 रन दर्ज हैं, वहीं उनके टी20 करियर की बात करें तो 90 मैचों में इस खिलाड़ी ने 26.23 की औसत से 2125 रन बनाए हैं।





बात भारत बनाम बारबाडोस मुकाबले की करें तो भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 के अपने तीसरे मुकाबले में बारबाडोस की टीम को 100 रन से करारी मात दी। इस जीत के बाद भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में अपनी जगह बना ली है। भारत को अपने पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया के हाथों हार मिली थी। लेकिन इसके बाद उसने पाकिस्तान को आठ विकेट से पीटा था। भारत की रनों के हिसाब से यह दूसरी सबसे बड़ी जीत है। सेमीफाइनल में अब भारत का सामना इंग्लैंड या न्यूज़ीलैंड में से किसी एक से होगा। अगर भारत सेमीफ़ाइनल जीतता है तो वह फ़ाइनल में होगा और अगर हार भी जाता है तो भी मेडल की दौड़ में बना रहेगा। फ़ाइनल से पहले रविवार को ही कांस्य पदक का यह मुक़ाबला होगा।

# बिग बैश लीग साल के अंत में शुरु होगी

**कैनबरा** । ऑस्ट्रेलियाई घरेलू बिग बैश लीग (बीबीएल) का 12 वां सत्र इस साल 13 दिसंबर से शुरु हो रहा है। बीबीएल के 12वें सीजन में कुल 56 मुकाबले खेले जाएंगे। सत्र के पहले मुकाबले में सिडनी थंडर की टीम मेलबर्न स्टार्स से खेलेगी। इन दोनों के बीच यह मुकाबला मानुका ओवल में खेला जाएगा। बीबीएल के 10वें सीजन में सिडनी सिक्सर्स ने पर्थ स्कार्चर्स को हराकर खिताब जीता था। वहीं 11वें सीजन में पर्थ स्कार्चर्स ने सिक्सर्स की टीम को पराजित कर खिताब पर कब्जा किया था। बीते साल की तरह इस सत्र में भी कुल आठ टीमें भाग ले रही हैं। इन टीमों में एडिलेड स्ट्राइकर्स, मेलबर्न स्टार्स, सिडनी थंडर, ब्रिस्बेन हीट, होबार्ट हरिकेंस, मेलबर्न रेनेगेड्स, पर्थ स्कार्चर्स और सिडनी सिक्सर्स का नाम शामिल है। लीग के ग्रुप स्तर के मुकाबले 13 दिसंबर 2022 से 25 जनवरी 2023 के बीच खेले जाएंगे। वहीं इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का एलिमिनेटर मुकाबला 27 जनवरी खेला जाएगा। इसके अलावा क्वालीफायर और नॉकआउट मुकाबले 28 और 29 जनवरी को आयोजित किए जाएंगे। चैलेंजर मैच दो फरवरी एवं फाइनल मुकाबला चार फरवरी को खेला जाएगा। इस टी20 लीग में पहली बार खिलाड़ियों के लिए ड्राफ्ट का सिस्टम बनाया गया है। इसमें अफगानिस्तान के लेग स्पिनर राशिद खान, वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर कायरन पोलार्ड , दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान फाफ डुप्लेसी सहित कई दिग्गजों को प्रवेश मिला है। ये सभी खिलाड़ी दुनियाभर की टी20 लीग में खेलते हैं। अब तक 100 से अधिक विदेशी खिलाड़ियों को ड्राफ्ट में शामिल किया गया है।

बड़े विदेशी खिलाड़ी इस प्रकार हैं : राशिद खान, कायरन पोलार्ड, ड्वेन ब्रावो, डेविड वीसे, कॉलिन मुनरो, फाफ डुप्लेसी, रिली रासो, एविन लुईस, रहमातुल्लाह गुरबज, हजरातुल्लाह जाजाई और अन्य।



चीन के क्वीनहाई क्षेत्र में ली बोआन अन्य प्रतियोगियों से आगे निकलकर फिनिश लाइन पार करते हुए ।

## व्यापार न्यूज

### जियो ने 22 सर्कल के लिए 5जी स्पेक्ट्रम खरीदा

**नई दिल्ली** । 5जी स्पेक्ट्रम की नीलामी प्रक्रिया समाप्त हो चुकी है। देश की कंपनियों ने 1.5 लाख करोड़ रुपए की बोली लगाई है। नीलामी के लिए रखे गए 5जी स्पेक्ट्रम का 71 फीसदी हिस्सा बेचा जा चुका है। नीलामी में रिलायंस जियो की सबसे ज्यादा हिस्सेदारी रही। जियो ने 22 सर्कल के लिए 5जी स्पेक्ट्रम खरीदा है। दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि सरकार अक्टूबर में 5जी सेवा की शुरूआत की उम्मीद कर रही है। रिलायंस की सेवा अगले साल जनवरी तक देश के 9 शहरों में पहुंच सकती है। रिलायंस जियो के चेयरमैन आकाश अंबानी ने कहा है कि हम 5जी की लॉन्चिंग के साथ ही आजादी का अमृत महोत्सव मनाने जा रहे हैं। उम्मीद की जा रही है कि सबसे पहले जियो अपने ग्राहकों को 5जी का तोहफा दे सकता है। जियो की 5जी सेवा 15 अगस्त को लॉन्च हो सकती है। दूरसंचार विशेषज्ञ का कहना है कि ग्राहकों के लिए 5जी सेवा की कीमत 4जी के बराबर नहीं होगी क्योंकि यूजर अल्ट्रा फास्ट सर्विस का चुनाव कर सकते हैं। कंपनियां नेटवर्क में किए गए अपने निवेश पर मुनाफा कमाने के लिए 5जी के लिए ज्यादा चार्ज लेंगी।

### अभिनेत्री अनुष्का शर्मा ने पति विराट कोहली के साथ अपना बैंड शुरु किया

**मुंबई** । बॉलीवुड और क्रिकेट के मैदान पर धमाल मचाने के बाद अभिनेत्री अनुष्का शर्मा और उनके पति विराट कोहली अपना बैंड शुरू करने को तैयार हैं। अनुष्का ने विराट संग फोटो शेयर कर इसकी घोषणा की है। उनका कहना है कि वह हमेशा से एक क्यूट लड़के के साथ बैंड बनाना चाहती थीं। अनुष्का शर्मा इन दिनों काफी मस्तीभरे मूड में चल रही हैं। ऐसा कोई मौका नहीं होता जब वह अपने पति विराट कोहली के साथ समय बिताना पसंद नहीं करतीं। दोनों ही काफी मजाकिया इंसान हैं। इसके बाद विराट और अनुष्का का फनी और क्रेजी अंदाज फैंस को खूब पसंद आता है। अब अनुष्का ने इंस्टाग्राम पर विराट कोहली के साथ कुछ फोटोज शेयर किए हैं। फोटोज में विराट और अनुष्का ब्लू कलर के आउटफिट्स में ट्विन करते हुए कूल और फनी पीजे देते नजर आ रहे हैं। दोनों की खुशी और मस्ती देखने लायक है। इन फोटोज के कैप्शन में अनुष्का ने लिखा, मैं हमेशा से एक क्यूट लड़के के साथ बैंड शुरू करना चाहती थी।

# शेयर बाजार बढ़त पर खुले : सेंसेक्स 58,500 और निफ्टी 17,400 के ऊपर

**मुंबई** । भारतीय रिजर्व बैंक की बैठक के बाद आने वाले उसके फैसले के पहले शेयर बाजारों की शुरुआत शुक्रवार को सुबह सकारात्मक रुख के साथ हुई। रिजर्व बैंक की मौद्रिक समीक्षा बैठक के नतीजों से पहले बाजार बढ़त में कारोबार कर रहा था। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 227.89 अंक की बढ़त के साथ 58,526.69 अंक पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 64.35 अंक के लाभ से 17,446.35



अंक पर कारोबार कर रहा था। गुरुवार को सेंसेक्स 51.73 अंक टूटा था। वहीं निफ्टी में 6.15 अंक का नुकसान पर रहा था। बाजार खुलने के बाद सेंसेक्स 200 अंकों से ज्यादा की तेजी के साथ 58,500 के ऊपर कारोबार कर रहा है। वहीं निफ्टी में 60 अंकों से ज्यादा की तेजी दिख रही है और ये इंडेक्स 17,400 के ऊपर बना हुआ है। वहीं बैंक निफ्टी 200 अंकों से ज्यादा की तेजी के साथ 37,950 के ऊपर ट्रेड कर रहा है। आज के कारोबार में फाइनेंशियल और रियल्टी सेक्टर में तेजी देखने को मिल रही है। वहीं ऑटो सेक्टर में हल्की गिरावट नजर आ रही है। लंबे समय से जारी विदेशी निवेशकों की बिकवाली अब थमती नजर आ रही है। इसका असर भी बाजार पर दिख रहा है। विदेशी निवेशकों (एफआईआई) ने 4 अगस्त को 1474.77 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे, वहीं घरेलू निवेशकों ने 46.79 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। पिछले 9 महीने विदेशी निवेशक लगातार बिकवाली कर रहे थे।

# एनएसई में सूचीबद्ध कंपनियों में सरकार की हिस्सेदारी बढ़कर 7.15 प्रतिशत हुई

**मुंबई** । भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) में अपने शेयरों की बिक्री के साथ सरकार की एनएसई में सूचीबद्ध कंपनियों में हिस्सेदारी चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में ब?कर 7.15 प्रतिशत हो गई। बीते वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही में यह 5.48 प्रतिशत थी। एक विश्लेषण के अनुसार मूल्य के लिहाज से सरकार की एनएसई कंपनियों में हिस्सेदारी जून तिमाही में 20.24 प्रतिशत ब?कर 16.99 लाख करो? रुपए पर पहुंच गई। एलआईसी में अपनी हिस्सेदारी बेचने के चलते सरकार का एनएसई में सूचीबद्ध कंपनियों में मूल्य ब?ा है। मार्च 2022 में 14.13 लाख करो? रुपए था। यह हालांकि, रिलायंस इंडस्ट्रीज के मूल्य से कम है, जिसका बाजार पूंजीकरण 17.63 लाख करो? रुपए है। जाकारी के अनुसार मई में एलआईसी में अपनी 3.5 प्रतिशत हिस्सेदारी को 20,557 करो? रुपए में बेचने के कारण सरकार के बाजार पूंजीकरण में वृद्धि हुई है। गौरतलब है कि पिछले 13 साल यानी जून 2009 से सरकार की सूचीबद्ध कंपनियों में हिस्सेदारी लगातार घट रही है। वर्ष 2009 में सरकार की सूचीबद्ध कंपनियों में हिस्सेदारी 22.48 प्रतिशत थी। जून, 2022 में यह घटकर 7.15 प्रतिशत रह गई। ऐसा विनिवेश के कारण हुआ है। दूसरी तरफ, सूचीबद्ध कंपनियों में निजी प्रवर्तकों की हिस्सेदारी जून तिमाही में घटकर 44.33 प्रतिशत रह गई, जो इससे पिछली मार्च तिमाही में 45.12 प्रतिशत थी।

## वाहनों की बिक्री जुलाई में आठ प्रतिशत घटी : फाडा

**नई दिल्ली** । यात्री वाहनों और दोपहिया वाहनों और ट्रेक्टरों के पंजीकरण में कमी आने से जुलाई में वाहनों की खुदरा बिक्री सालाना आधार पर आठ प्रतिशत घट गई। ऑटो डीलरों के निकाय फाडा ने यह जानकारी दी। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के आंकड़ों के अनुसार पिछले महीने वाहनों की कुल खुदरा बिक्री 14,36,927 इकाई रही जो जुलाई 2021 में 15,59,106 इकाई थी। यात्री वाहनों (पीवी) की खुदरा बिक्री जुलाई 2022 में सालाना आधार पर 5 प्रतिशत गिरकर 2,50,972 इकाई रही, जबकि जुलाई 2021 में यह आंकड़ा 2,63,238 इकाई था। फाडा ने कहा ?कि जुलाई में बिक्री आंकड़े भले घटे हों लेकिन वाहनों के नए-नए मॉडल बाजार में उतारे जा रहे हैं विशेषकर कॉम्पैक्ट एसयूवी श्रेणी में जिससे वृद्धि में मदद मिल रही है। फाडा के आंकड़ों के मुताबिक पिछले महीने दोपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री 11 प्रतिशत घटकर 10,09,574 इकाई हो गई, जबकि एक साल पहले की इस अवधि में यह 11,33,344 इकाई थी। जुलाई 2022 में 59,573 ट्रेक्टर बिके जो जुलाई 2021 की 82,419 इकाई से 28 फीसदी कम है। हालांकि तिपहिया और वाणिज्यिक वाहनों की खुदरा बिक्री पिछले महीने सालाना आधार पर बढ़ी है। पिछले महीने 50,349 तिपहिया वाहन बिके जो पिछले साल की तुलना में 80 फीसदी अधिक है। इसी तरह वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री 27 फीसदी की वृद्धि के साथ 66,459 इकाई रही।

# महिंद्रा ने पैसेंजर व्हीकल की सेल में डबल डिजिट की ग्रोथ की हासिल

**नई दिल्ली** । महिंद्रा पिछले महीने अपने पैसेंजर व्हीकल की सेल में डबल डिजिट की ग्रोथ हासिल करने में कामयाब रही थी। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम), किआ इंडिया, होंडा कार्स और स्कोडा ऑटो इंडिया ने भी अपने पैसेंजर व्हीकल की बिक्री में अब तक की सबसे ज्यादा सेल रिकॉर्ड की है। मारुति सुजुकी इंडिया ने जुलाई 2021 में 1,33,732 इकाइयों की तुलना में 6.82 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 1,42,850 इकाइयां बेची।कंपनी ने एक बयान में कहा, ÷इलेक्ट्रॉनिक कॉम्पोनेंट्स की कमी से वाहनों के मुख्य रूप से घरेलू मॉडल के उत्पादन पर मामूली प्रभाव पड़ा है.÷ ऑटोमेकर की बिक्री का आंकड़ा मुख्य रूप से कॉम्पैक्ट कारों से आता है, जिसमें बलेनो, सेलेरियो, डिजायर, इग्निस, स्विफ्ट, टूर एस और वैगनआर शामिल हैं।इन कारों की बिक्री जुलाई 2022 में बढ़कर 84,818 यूनिट हो गई, जो एक साल पहले के महीने में 70,268 यूनिट थी।

Mahindra

हुंडई मोटर इंडिया ने घोषणा की कि उसकी घरेलू बिक्री पिछले महीने 50,500 यूनिट्स की थी, जो पिछले साल जुलाई में बेची गई 48,042 यूनिट्स के मुकाबले 5.1 प्रतिशत ज्यादा है।कंपनी के डायरेक्टर (सेल्स, मार्केटिंग और सर्विस) तरुण गर्ग ने कहा, ÷सेमीकंडक्टर की स्थिति में सुधार के साथ पैसेंजर व्हीकल सेगमेंट में पॉजिटिव ट्रेंड दिख रहा है.÷टाटा मोटर्स ने अपने घरेलू पैसेंजर वाहनों की बिक्री में 57 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की है, जो कि ऑटोमेकर ने एक साल पहले महीने में 30,185 इकाइयों की तुलना में 47,505 इकाइयों की बिक्री की थी।कंपनी के पैसेंजर इलेक्ट्रिक व्हीकल की बिक्री भी जुलाई 2022 में बढ़कर 4,022 यूनिट हो गई, जो जुलाई 2021 में 604 यूनिट थी।महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड ने पिछले महीने घरेलू पैसेंजर वाहनों की बिक्री में लगभग 33 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है।वाहन निर्माता ने पिछले साल इसी महीने में 21,046 यूनिट की तुलना में 28,053 यूनिट बेची।महिंद्रा की पॉजिटिव बिक्री मुख्य रूप से इसके यूटिलिटी वाहनों से आई है।

कंपनी ने हाल ही में अपनी पॉपुलर एसयूवी स्कॉर्पियो का नया मॉडल स्कॉर्पियो-एन भी लॉन्च किया है।खास बात यह है कि बुकिंग के पहले 30 मिनट के भीतर इस एसयूवी के लिए एक लाख से ज्यादा ऑर्डर मिल चुके थे। बता दें कि सेमीकंडक्टर की स्थिति में जैसे-जैसे सुधार हो रहा है, वैसे-वैसे पैसेंजर व्हीकल की बिक्री में भी काफी इजाफा होता जा रहा है।

# रॉयल एनफील्ड नई रेट्रो बाइक करेगी लॉन्च

**नई दिल्ली** । महंगी बाइक्स बनाने वाली कंपनी रॉयल एनफील्ड नई रेट्रो मोटरसाइकिल लॉन्च करने जा रही है। यह बाइक आगामी 7 अगस्त को लांच होगी। हालांकि, नई मोटरसाइकिल का आधिकारिक नाम अभी तक सामने नहीं आया है। इसे हंटर 350 कहा जा सकता है। लॉन्च होने पर यह देश में बिक्री के लिए उपलब्ध होने वाली सबसे किफायती रॉयल एनफील्ड मोटरसाइकिल होने की उम्मीद है।

भारतीय मोटरसाइकिल निर्माता की नई 350सीसी मोटरसाइकिल को कई बार टेस्टिंग के दौरान देखा गया है।डिजाइन के मामले में यह एक गोल हेडलैंप के और रेट्रो लुक के साथ आएगी।इसमें एक स्टब्बी एग्जॉस्ट होगा।मोटरसाइकिल साइज में काफी कॉम्पैक्ट होगी और इसमें सिंगल-पीस सीट, स्टब्बी एग्जॉस्ट और टेन-स्पोक अलॉय या स्पोक व्हील मिलेंगे.इस नई बाइक के कुछ अन्य डिजाइन हाइलाइट्स फोर्क कवर गैटर, एक ऑफ़सेट इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर आदि होंगे।फीचर्स के बारे में इसे रॉयल एनफील्ड के ट्रिपर नेविगेशन पॉड को एक्सेसरी के रूप में मिलने की संभावना है।इस रेट्रो मोटरसाइकिल में वही 349सीसी, सिंगल-सिलेंडर, एयर और ऑयल-कूल्ड, एफद्ब इंजन होगा जो मेटयोर 350 और नई जनरेशन की क्लासिक 350 में भी देखने को मिलता है।यह इंजन अन्य रॉयल एनफील्ड मोटरसाइकिलों में 20 बीएचपी और 27 एनएम पीक टॉर्क का जनरेट करता है। उम्मीद है कि हंटर 350 में भी इसी तरह का आउटपुट देखने को मिलेगा।रॉयल एनफील्ड हंटर 350 के कलर ऑप्शन और वेरिएंट्स की बात करें तो इस मोटरसाइकल को हंटर रेट्रो , हंटर मेट्रो और हंटर मेट्रो रेबेल जैसे वेरिएंट्स में पेश किया जा सकता है और हंटर रेट्रो को फैक्ट्री ब्लैक और फैक्ट्री सिल्वर जैसे कलर ऑप्शन में पेश किया जाएगा।इसके फ्रंट में डिस्क ब्रेक और सिंगल/ड्यूल-चैनल एबीएस के साथ रियर में डिस्क/ड्रम यूनिट मिलने की संभावना है।

# कुब्रा सैत ने कंगना रणौत पर साधा निशाना



किसान आंदोलन को लेकर हॉलीवुड की पॉप स्टार रिहाना के ट्वीट के बाद कंगना ने भी उन्हें जवाब दिया है। इसके बाद से ही कंगना एक बार फिर से सुर्खियों में आ गई हैं। कंगना ने रिहाना को जैसे ही जवाब दिया, इसके बाद से सोशल मीडिया पर मीम्स की भी बाढ़ आ गई। इसके अलावा अलग- अलग तरह से लोग प्रतिक्रिया देने लगे। इसी बीच सेक्रेड गेम्स फेम अभिनेत्री कुब्रा सैत ने भी कंगना रणौत पर तंज कसा है। कंगना ने रिहाना को अपने अंदाज में जवाब दिया। लेकिन उनके ही साथी कलाकारों को उनकी ये तल्ख टिप्पणी पसंद नहीं आई। जिसके लिए उन्होंने कंगना का विरोध किया है। इन सेलेब्स में अभिनेत्री कुब्रा सैत का नाम भी शामिल है। कुब्रा सैत ने कंगना का नाम लिए बिना ही उनके ऊपर तंज कसा है। कुब्रा ने अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट के जरिए कंगना नाम लिए बिना उन पर तंज कसा। कुब्रा ने अपने ट्वीट में लिखा, चीन चीन बुला बुला के बेड़ा गर्क कर दिया है! कुब्रा के इस ट्वीट में कंगना का नाम तो नहीं है लेकिन उन्होंने इसमें चीन लिखा है और कंगना को ही चीन कहकर संबोधित किया जाता है। ऐसे में कुब्रा का ये ट्वीट कंगना पर तंज ही माना जा रहा है। कंगना ने रिहाना के ट्वीट का जवाब देते हुए लिखा था, कोई भी बात इसलिए नहीं कर रहा है क्योंकि ये किसान नहीं, आतंकवादी हैं।

## चूहा बिल्ली में दो-ध्रुवीय किरदार निभाएंगी अदा शर्मा



अदा शर्मा अब चूहा बिल्ली नाम की एक फिल्म में दिखाई देंगी, जिसमें वह दो-ध्रुवीय और डिप्रेशन की शिकार लड़की का किरदार निभाएंगी। अदा ने बताया, चूहा बिल्ली में मैं एक ऐसी लड़की की भूमिका निभा रही हूं, जो बायपोलर है। वह डिप्रेशन में है और वह इसका अच्छी तरह से सामना नहीं कर पा रही है। मैं इस कैरेक्टर से बिल्कुल अलग हूं और इसीलिए इस कैरेक्टर ने मुझे आकर्षित किया। हमने फिल्म के लिए बहुत सारी वर्कशॉप कीं। उन्होंने कहा कि फिल्म के निर्देशक प्रसाद कदम चाहते थे कि मुझमें यह बदलाव हर कुछ सेकेंड में नजर आए। अदा ने कहा, यानी कि वह कैरेक्टर कभी बहुत उत्साहित है और कुछ ही सेकंड में बहुत दुखी हो जाती है। वह चाहते थे कि यह बदलाव बहुत सूक्ष्म हो इसलिए यह सब कुछ आंखों में ही नजर आ जाएगा। मैं लोगों के फिल्म देखने तक का इंतजार नहीं कर पा रही हूं। मैंने अब तक जो भी भूमिकाएं निभाई हैं, यह उससे बहुत अलग है।

## कॉमेडी नहीं, बल्कि ड्रामा में हूं माहिर : शरमन जोशी



अभिनेता शरमन जोशी अपने फिल्मी करियर में एक्सक्यूज मी, रंग दे बसंती, गोलमाल सीरीज और 3 इडियट्स जैसी कई बेहतरीन फिल्मों में काम कर चुके हैं, जिसमें उन्होंने अपनी शानदार कॉमिक टाइमिंग से लोगों को खूब हंसाया है। अब ऐसे में शरमन का यह कहना कि एक कलाकार के तौर पर वह कॉमेडी में नहीं बल्कि ड्रामा में माहिर है, वाकई में हैरान कर देने वाला है। शरमन ने कहा, मुझे लगता है कि ड्रामा मुझमें स्वाभाविक रूप से है। मैं इसे अधिक सहजता के साथ कर लेता हूं। कॉलेज के नाटकों से जब मैंने एक्टिंग की शुरुआत की थी, तो मैं इसमें काफी सहज था। मुझे इसे अधिक समझना या सीखना नहीं पड़ा। कॉमेडी की जगह यह मुझे अधिक सही ढंग से करने आया। उन्होंने आगे बताया, मैं कॉमेडी में भी अच्छा था, लेकिन मुझे इसकी बारीकियां सीखनी पड़ीं। थिएटर के अपने अनुभव के साथ मुझे इन बारीकियों पर काम करने का भरपूर मौका भी मिला।

# रानी मुखर्जी नहीं चाहती थीं इस फिल्म में काम करना




संजय लीला भंसाली की फिल्म ब्लैक को रिलीज हुए आज 16 साल पूरे हो गए हैं। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन और रानी मुखर्जी ने अभिनय किया है। बेहद चुनौतीपूर्ण भूमिका निभाने वाली रानी मुखर्जी ने यह कहकर चौंका दिया है कि पहले वे यह भूमिका निभाने के लिए तैयार नहीं थीं। दिव्यांग लड़की मिशेल मैकनेली का रोल निभाने वाली रानी ने कहा, जब संजय ने मुझे यह रोल ऑफर किया तो मैं इसे करने के लिए तैयार नहीं थी। इसके पीछे की वजह फिल्म या किरदार को लेकर कोई संदेह नहीं था, क्योंकि उनके साथ काम करना हर अभिनेता का सपना होता है। मैं भी यह मौका पाकर खुश थी लेकिन एक अभिनेता के तौर पर मुझे भरोसा नहीं था कि मैं ये काम कर पाऊंगी। मैंने इस बारे में संजय से चर्चा भी की, क्योंकि यह बहुत ही मुश्किल रोल था। मैं पहले इस रोल को लेकर बहुत डरी हुई थी।

रानी ने आगे कहा, जब उन्होंने कहा कि उन्हें विश्वास है कि मैं ये किरदार निभा लूंगी और वो मुझे हर कदम पर इसके लिए मार्गदर्शन देंगे, तब मुझमें इसे लेकर आत्मविश्वास जागा। संजय ने अपना वादा पूरा किया। मुझे गहन प्रशिक्षण दिया गया। मैंने साइन लैंग्वेज सीखी। ऐसे लोगों के साथ मैंने 6 महीने तक बातचीत की और उनकी जिंदगी को करीब से देखा, तब कहीं जाकर मैं मिशेल का किरदार निभाने के लिए सक्षम हो पाई। इस फिल्म को देखने के बाद दिलीप कुमार ने उनके अभिनय की सराहना की। रानी ने बताया, दिग्गज अभिनेता दिलीप कुमार ने फिल्म देखने के बाद मुझे एप्रीसिएशन लेटर भेजा। मुझे लगता है कि एक अभिनेता के रूप में मिली तारीफों में ये मेरे लिए सबसे अहम है कि उन जैसे दिग्गज अभिनेता ने मेरी सराहना की।

# मुसीबत का साथी है गुलाबजल, इन टिप्स की गांठ बांध लें लड़के-लड़कियां

■ चाहे आप कॉलेज जाते हैं या ऑफिस, कोई भी लड़का और लड़की इस बात से इनकार नहीं कर सकते कि उनकी लाइफ में बेड हेयर डे या बेड स्किन डे नहीं आते। कभी बाल बहुत बेढंगे लग रहे होते हैं तो कभी त्वचा एकदम मुरझाई हुई। नहाने के बाद भी नहीं लगता कि जैसे नहाकर निकले हैं।

■ वहीं, कई बार ऐसा भी होता है, जब आपके पास नहाने का समय ही नहीं होता। क्योंकि देर से आंख खुलने के कारण आपके पास रेडी होने का वक्त ही नहीं बचता। ऐसे में गुलाबजल आपके लिए लाइफ सेवर की तरह काम कर सकता है। हम यहां आपको गुलाबजल की मदद से दो मिनट में रेडी होने के टिप्स बता रहे हैं...

### नहाने का समय नहीं बचा है

■ ऑफिस या क्लास के लिए देर हो रही है और आपके पास नहाने का समय नहीं बचा हो तो फिकर नोट, गुलाबजल है ना! गुलाबजल की बॉटल उठाइए चेहरे से लेकर अंडरआर्म्स तक स्प्रे करिए और सूती रुमाल (कॉटन हैंकी) से हल्के हाथों से पोछ लीजिए।

■ कपड़े पहनकर रेडी हो जाइए, आपके सिवा किसी को पता नहीं चलेगा कि आज आप नहाए नहीं हैं! इस बात का ध्यान रखें कि कॉटन के हैंकी से सबसे पहले हल्के हाथों से चेहरा पोछें और फिर अंडरआर्म्स। इससे जब तक आप अंडरआर्म्स साफ करेंगे चेहरे पर ताजगी आ जाएगी।

### जब बाल बुरे लग रहे हों




■ आपके पास शैंपू करने का समय नहीं है और बाल हैं कि सेट होने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। कोई समस्या नहीं। परेशान होने के बजाय गुलाबजल स्प्रे उठाएं और बालों पर बीच-बीच में हल्का स्प्रे कर लें।

■ यदि आपके पास गुलाजल की स्प्रे बॉटल नहीं है तो हथेली में गुलाबजल लेकर उंगलियों की मदद से बालों में लगाएं। कंघी करें आपके बाल आराम से सेट हो जाएंगे। साथ ही फ्रेशनेश और नैचरल खूशबू के कारण आपको देखकर यह भी नहीं लगेगा कि आप नहाए नहीं हैं!

### सिर में बहुत खुजली हो रही हो तब

■ अगर सिर में डैंड्रफ के कारण खुजली हो रही है या फिर कई दिन से शैंपू नहीं कर पाए हैं इसलिए खुजली हो रही है, तब भी परेशान ना हों। गुलाबजल लें और इसे बालों की जड़ों में तेल की तरह लगाएं।

■ पूरे सिर में तेल की तरह इसे लगाने के बाद बहुत हल्की-सी मसाज करें। फिर गुलाबजल हाथों में लेकर हल्का-हल्का बालों पर लंबाई में भी लगा लें। कंघी करें और अपने बाल बांध लें। आज के लिए खुजली से शांति मिल जाएगी। साथ ही आप फ्रेश भी लगेंगे।

### आंखों पर सूजन है

■ रात को ठीक से सो नहीं पाए या बहुत अधिक सो लिए हैं तो आंखों पर सूजन तो आएगी ही। चलिए अब इसे उतारने का काम करते हैं। गुलाबजल की मदद से दो रुई के फोहे बना लें। अब इन्हें पलकों पर रखें और कुछ देर के लिए लेट जाएं।

■ यदि लेटने का समय नहीं बचा है तो इन्हें आंखों पर रखकर हल्के हाथों से दबाएं। सिर्फ 1 से 2 मिनट के ऐसा करें और अपने दूसरे काम निपाटकर ऑफिस या कॉलेज के लिए निकल जाएं।

# प्रिया प्रकाश वारियर की टॉलिवुड डेब्यू फिल्म चेक का ट्रेलर रिलीज



कभी अपनी आंखों के इशारों से दुनियाभर के लोगों का दिल जीतने वाली ऐक्ट्रेस प्रिया प्रकाश वारियर की नई फिल्म चेक का ट्रेलर रिलीज हो गया। इस फिल्म से प्रिया टॉलिवुड डेब्यू कर रही हैं। इसमें पॉप्युलर ऐक्टर निथिन और रकुल प्रीत सिंह लीड रोल्स में हैं। बता दें, कुछ दिनों पहले 40 सेकंड का एक टीजर रिलीज किया गया था जिसमें फिल्म की झलक दिखाई गई थी। अब मेकर्स ने थ्रिलर ड्रामा का ट्रेलर रिलीज कर दिया है जिसमें कई ट्विस्ट्स और टर्न्स हैं। इसमें निथिन कैदी के रूप में नजर आ रहे हैं जिसे गद्दार दिखाया गया है और उसे मौत की सजा दे दी जाती है। जेल में रहते हुए निथिन का कैरक्टर चैंपियन की तरह अपनी चेस खेलने की क्षमता दिखाता है और कैदी होने के बावजूद वह कई कॉम्पिटिशन्स में हिस्सा लेता है। वहीं, रकुल प्रीत सिंह फिल्म में क्रिमिनल वकील के रोल में हैं जिन्हें लगता है कि निथिन निर्दोष हैं। वह उनके लिए लड़ती हैं ताकि उन्हें सजा ना हो। वह कोर्ट से अपील करती हैं कि निथिन को कॉम्पिटिशन्स में हिस्सा लेने दिया जाए और टैलंट दिखाने का मौका दिया जाए। इसी बीच जेल में कुछ ऐक्शन सीन्स होते हैं और फ्लैशबैक में निथिन के साथ प्रिया प्रकाश वारियर नजर आती हैं। डायरेक्टर चंद्र शेखर की इस फिल्म के ट्रेलर को फैंस काफी पसंद कर रहे हैं।

# वर्कआउट करते समय की अगर ये 5 गलतियां, तो नहीं घटेगा वजन




वजन कम करने के लिए एक्सरसाइज करने के एक डेली रूटीन को फॉलो करने से पहले उसकी अच्छे तरीके से प्लानिंग बहुत जरूरी है। एक वेल प्लांड वर्कआउट रूटीन फैट बर्निंग को तेज कर सकता है। इसके अलावा आपकी ढीली त्वचा को भी टोन कर सकता है। वजन घटाने के पीछे के सही मकसद के मुताबिक सही एक्सरसाइज चुनना बहुत मायने रखता है, उसमें हर छोटी बात अहम होती है। बहुत से लोग घंटों जिम और रनिंग ट्रैक में पसीना बहाते हैं, लेकिन फिर भी उन्हें सही नतीजे नहीं मिलते। अगर आप उनमें से एक हैं तो मुमकिन है कि एक्सरसाइज के दौरान गलतियां कर रहे हैं। आज हम आपको बता रहे हैं एक्सरसाइज के दौरान क्या है वे गलतियां, जो आपके वेटलॉस के बीच रुकावट बन रही हैं।

**वर्कआउट के बाद ज्यादा प्रोटीन लेना:** प्रोटीन शरीर के लिए जरूरी है और एक्सरसाइज सेशन के बाद इसे लेने से बॉडी का मेनटेंस और मसल्स को ठीक करने में मदद मिलती है। लेकिन प्रोटीन ड्रिंक्स पर पूरी तरह से डिपेडेंट होने या ज्यादा सेवन से आपको अपने मकसद को जल्द पाने में मदद नहीं मिलेगी। एक हार्डकोर फिजिकली एक्टिव शख्स को सामान्य तौर पर शरीर के वजन के प्रति किलोग्राम के हिसाब से 1.2 से 2.0 ग्राम तक प्रोटीन लेने का सुझाव दिया जाता है। एक्सट्रा प्रोटीन असल में फैट के रूप में शरीर में जमा होता है, जबकि अमीनो एसिड का अतिरिक्त भाग उत्सर्जित होता है। इससे कुछ वक्त बाद वजन बढ़ सकता है।

**अपने आप को चैलेंजिंग लेवल तक नहीं ले जाना:** ज्यादा से ज्यादा कैलोरी बर्न करने और बॉडी से फैट कम करने के लिए आपको अपनी लिमिट को बढ़ाना होगा। जब आप खुद को चैलेंजिंग लेवल तक लेकर जाएंगे तभी कैलोरी को बर्न कर पाएंगे। इसके लिए आपको रोजाना कम-से-कम 30 से 40 मिनट तक एक्सरसाइज करने की जरूरत है। चाहे जिमिंग हो, वॉकिंग हो या रनिंग, ऐसा सभी तरह की एक्सरसाइज को लेकर फॉलो करना है।

**पूरी तरह कार्डियो पर फोकस करना:** यह तो सभी मानते हैं कि कार्डियो एक्सरसाइज आपको ज्यादा कैलोरी बर्न करने में मदद कर सकती है। सच यह है कि स्ट्रेंथ ट्रेनिंग एक्सरसाइज आपके आराम करने के दौरान भी कैलोरी बर्न करने में मददगार साबित हो सकती हैं। जब मकसद वेटलॉस करना हो तो केवल कार्डियो पर डिपेंड करना सही नहीं हो सकता है। दोनों तरह की एक्सरसाइज के बीच बैलेंस बनाए रखें।

## साथ में दो इमरान हाशमी देखकर चौंके फैन्स



इमरान हाशमी रीसेंटली भले ही सिलेक्टेड फिल्मों में नजर आ रहे हों लेकिन उनका अलग ही फैन बेस है। फिलहाल वह अपनी अपकमिंग फिल्म मुंबई सागा को लेकर चर्चा में हैं। रीसेंटली उनका एक वीडियो खूब वायरल हो रहा है। इसमें आप एक साथ दो इमरान हाशमी देखकर चौंक जाएंगे। इमरान हाशमी को रीसेंटली जिम के बाहर कुछ फटॉग्रफर्स मिल गए। सबसे इंट्रेस्टिंग बात थी कि इमरान के साथ उनका एक जबरा फैन भी था, जो काफी कुछ उनके जैसा दिख रहा था। इमरान ने अपने इस फैन के साथ तस्वीरें खिंचवाईं। उनके इस वीडियो मजेदार कॉमेंट्स आए हैं। एक सोशल मीडिया यूजर ने लिखा है, मैं फैन को इमरान समझा। वहीं एक और ने लिखा है, अगर इमरान हाशमी मीडियम साइजहैं तो ये एक्स्ट्रा स्मॉल इमरान हाशमी है। कई लोगों को इमरान और उनके फैन का लुक सेम टु सेम लग रहा है। इमरान हाशमी के वर्क फ्रंट पर बात करें तो बीते साल वह द बॉडी, वाई चीट इंडिया में नजर आए थे। उनकी फिल्म मुंबई सागा की शूटिंग अगस्त 2019 में शुरू हुई थी। मार्च 2020 में कोरोना के चलते इसको रोकना पड़ा। जून 2020 में इसकी शूटिंग फिर से शुरू हुई थी जो कि अक्टूबर 2020 में पूरी हो चुकी है।

## दुविधा में ममता

पश्चिम बंगाल के मंत्री पार्थ चटर्जी की गिरफ्तारी के बाद सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस का नेतृत्व बुरी तरह घिर गया है। इसके पहले भी तृणमूल के कुछ नेता जेल गए हैं, विभिन्न घोटालों में उनके नाम सामने आए, लेकिन पिछले दस साल में ममता बनर्जी के सामने शायद ही इस बार जैसा संकट सामने आया। इस बार सुर्खियों में न सिर्फ एक वरिष्ठ मंत्री हैं, बल्कि एक अभिनेत्री के साथ उनके रिश्ते को लेकर भी चर्चा गरम है। इस प्रकरण ने पार्टी के अंदर खलबली मचा दी है। आम जनता में इसका नकारात्मक संदेश गया है, खासकर 50 करोड़ रुपए से अधिक की बरामदगी ने लोगों को सोचने पर मजबूर किया है। ऐसे में, पार्थ चटर्जी को पार्टी से बाहर करना ममता बनर्जी के लिए मजबूरी बन गया था। मगर इस काम में उन्होंने जितना समय लिया, वह उनकी दुविधा को बता रहा है। ममता की दुविधा का सबसे बड़ा कारण यह है कि पार्थ कोई आम राजनेता नहीं हैं। वह सरकार में नंबर दो की हैसियत रखते थे और तीन-तीन अहम मंत्रालय उनके जिम्मे था। तृणमूल के संस्थापक सदस्यों में भी वह एक हैं। वह पार्टी की अनुशासनात्मक कमेटी के भी अध्यक्ष रहे हैं। ऐसे वरिष्ठ और महत्वपूर्ण नेता को पार्टी से निकालने का क्या असर होगा, इस पर संभवत~ दीदी ने लंबा मंथन किया होगा। पार्टी महिला अभिनेत्री के घर से पैसे मिलने और पार्थ चटर्जी से जुड़े मामले को अलग-अलग चश्मे से देख रही है। उसके मुताबिक, पार्थ तो पार्टी सदस्य हैं, लेकिन वह अभिनेत्री नहीं। उसने यह बात स्वीकार भी की है। मगर प्रवर्तन निदेशालय के सामने उसने कथित रूप से यह भी माना है कि वह पार्थ के पैसे रखती थी। इसका मतलब है कि पार्थ उसके निशाने पर हैं। तृणमूल की सोच यह है कि संभव है, पार्थ को %हनी ट्रैप करके फंसाया गया हो। ऐसा अब पार्थ भी कहने लगे हैं। बहरहाल, अब ममता बनर्जी आगे की रणनीति पर विचार कर रही हैं। चूंकि अभी लोकसभा चुनावों में डेढ़ साल और विधानसभा चुनाव में चार वर्ष की देरी है, इसलिए संभव है कि ममता ईडी कार्रवाई के बहाने साफ-सफाई कर अपनी पार्टी की छवि सुधार लें। लेकिन भाजपा की रणनीति क्या है? पूर्वोत्तर में तो पार्टी ने सरकार बना ली है, लेकिन पश्चिम बंगाल में उसका यह सपना पूरा नहीं हो सका है। इसकी वजह यह है कि मोदी-शाह जैसे लोकप्रिय स्थानीय नेता राज्य में नहीं हैं। ऐसे में, ममता बनर्जी के खिलाफ नकारात्मक राजनीति ही भाजपा की खुराक है, जिसकी उसे हरदम तलाश रहेगी। हालांकि,भाजपा की राह आसान नहीं है। ममता ने जनहित के काफी काम किए हैं और जनता से उनका जुड़ाव अब भी कायम है। चूंकि ममता पर अब तक भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं है, इसलिए उनके लिए इस मामले से बाहर आना बहुत मुश्किल नहीं होगा। जाहिर है, शह और मात का यह खेल आसान नहीं है। मगर भाजपा भी 2021 की हार से सबक लेकर नई रणनीति के साथ मैदान में डटी है।

# नीरज ने खत्म किया एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 19 साल का सूखा

योगेश कुमार गोयल

विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं में भारतीय खिलाड़ी पिछले कुछ समय से बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं। इन दिनों राष्ट्रमंडल खेलों में भी भारतीय खिलाड़ी सराहनीय प्रदर्शन कर रहे हैं। देश को गौरवान्वित करते ऐसे ही खिलाड़ियों में भारतीय एथलीट नीरज चोपड़ा भी शामिल हैं, जिन्होंने टोक्यो ओलम्पिक में इतिहास रचने के एक साल बाद पिछले दिनों अमेरिका के ओरेगन में विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भी रजत पदक जीतकर इतिहास रच दिया। ओलम्पिक खेलों में 121 वर्षों के इतिहास में कोई भी भारतीय एथलीट पदक नहीं जीत सका था और नीरज ओलम्पिक में पदक जीतने वाले पहले भारतीय ट्रैक एंड फील्ड एथलीट बने थे। टोक्यो में स्वर्ण पदक पदक जीतकर नीरज ने भारतीय एथलेटिक्स के एक नए युग की शुरुआत की थी और विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने वाले भी पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। इसके साथ ही उन्होंने विश्व चैंपियनशिप में भारत का 19 साल का सूखा भी खत्म कर दिया है। उल्लेखनीय है कि विश्व चैंपियनशिप में भारत का अब तक का यह दूसरा पदक है, 2003 में लांग जंपर अंजू बॉबी जॉर्ज ने पेरिस में भारत को पहला पदक कांस्य दिलाया था। ओरेगन विश्व चैंपियनशिप 2022 में नीरज चोपड़ा ने क्वालिफिकेशन में 88.39 मीटर के साथ फाइनल में जगह बनाई और पदक राउंड में 88.13 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो करके रजत पदक जीता जबकि 90.54 मीटर की दूरी के साथ एंडरसन पीटर्स स्वर्ण पदक जीतकर विश्व चैंपियन बने, जिन्होंने फाइनल में तीन बार 90 मीटर के मार्क को पार किया। नीरज हालांकि थोड़े से अंतर से स्वर्ण पदक जीतने से चूक गए लेकिन भारत के लिए उनको मिली चांदी भी सोने से कम नहीं है।

18 साल की उम्र में नीरज वर्ष 2016 में आईएएएफ अंडर-20 विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर किसी भी इवेंट और किसी भी उम्र के स्तर पर विश्व चैंपियन बनने वाले पहले भारतीय ट्रैक एंड फील्ड एथलीट बने थे और वह बेमिसाल उपलब्धि हासिल करने के बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। पोलैंड में आयोजित उस जूनियर चैंपियनशिप में नीरज ने 86.48 मीटर के विजयी थ्रो के साथ विश्व रिकॉर्ड भी बनाया था। उनसे पहले 84.69 मीटर थ्रो के साथ यह रिकॉर्ड लातविया के जिगिस्मंड्स सिरमाइस के नाम दर्ज था। वैसे 24 दिसम्बर 1997 को हरियाणा के पानीपत जिले के खांद्रा गांव में एक छोटे किसान के घर जन्मे नीरज टोक्यो ओलम्पिक में इतिहास रचने से पहले भी कई बड़ी-बड़ी चैम्पियनशिप जीत चुके हैं। भारतीय सेना के सूबेदार नीरज एशियाई खेलों, राष्ट्रमंडल खेलों, एशियन चैंपियनशिप, साउथ एशियन गेम्स तथा विश्व जूनियर चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक अपने नाम कर चुके हैं।

2016 में पोलैंड में जूनियर चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने के बाद ही नीरज को सेना में जूनियर कमीशंड ऑफिसर के तौर पर नियुक्ति दी गई थी। मार्च 2021 में उन्होंने इंडियन ग्रैंड प्रिक्स-3 में 88.07 मीटर जैवलिन थ्रो के साथ अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया था। जून 2021 में पुर्तगाल के लिस्बन शहर में हुए मीटिंग सिडडे डी लिस्बोआ टूर्नामेंट में नीरज ने स्वर्ण पदक जीता था। 2016 में उन्होंने साउथ एशियन गेम्स में 82.23 मीटर दूर, 2017 में एशियन एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में 85.23 मीटर दूर और 2018 में इंडोनेशिया के जकार्ता में हुए एशियाई खेलों में 88.06 मीटर दूर भाला फेंककर स्वर्ण पदक जीते। एशियाई खेलों के इतिहास में अब तक भालाफेंक में भारत को केवल दो ही पदक मिले हैं और नीरज पहले ऐसे भारतीय एथलीट हैं, जिन्होंने एशियन खेलों में स्वर्ण पदक जीता। उनसे पहले वर्ष 1982 में गुरतेज सिंह को कांस्य पदक मिला था। नीरज का अभी तक का सर्वश्रेष्ठ प्रयास 30 जून 2022 को स्वीडन में स्टॉकहोम डायमंड लीग 2022 में रहा है, जहां उन्होंने 89.94 मीटर के अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ



रिकॉर्ड को स्थापित करने के साथ ही एक नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी बनाया।

वैसे नीरज की एथलेटिक्स में आने की कहानी भी दिलचस्प है। उन्होंने या उनके परिवार के किसी सदस्य ने सपने में भी नहीं सोचा था कि नीरज एथलेटिक्स में किस्मत आजमाएंगे। बचपन में नीरज काफी मोटे और थुलथुले थे, 13 वर्ष की आयु में उनका वजन करीब 80 किलोग्राम था और तब परिवारवालों के दबाव में उन्होंने एथलेटिक्स के जरिये अपना वजन कम करने का निश्चय किया। परिजनों ने उन्हें प्रतिदिन दौड़ लगाने को प्रोत्साहित किया ताकि वजन कम हो सके लेकिन नीरज को दौड़ने में कोई दिलचस्पी नहीं थी। एक दिन उनके चाचा उन्हें गांव से करीब 15 किलोमीटर दूर पानीपत के शिवाजी स्टेडियम ले गए। वहां नीरज ने कुछ खिलाड़ियों को भाला फैंक का अभ्यास करते देखा तो उन्हें इस खेल से ऐसा लगाव हुआ कि वे अपनी कुछ वर्षों की कड़ी मेहनत के बलबूते पर देश के लिए पूरी दुनिया में इतिहास रचने में सफल हो गए। अपनी थ्रोइंग स्किल्स को बेहतर बनाने के लिए उन्होंने जर्मनी के बायो-मैकेनिक्स विशेषज्ञ क्लाउस बार्तोनित्ज से प्रशिक्षण लिया, जिससे उनके प्रदर्शन में निरन्तरता आई।

देश के एक अनुभवी भालाफैंक खिलाड़ी जयवीर चौधरी ने नीरज की प्रतिभा को पहचाना, जिसके बाद बेहतर सुविधाओं की तलाश में वह 2011 में पंचकूला के देवीलाल स्टेडियम पहुंच गए, जहां उनका सामना राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों से हुआ और वहां मिलने वाली बेहतर सुविधाओं का लाभ उठाकर वह बहुत कम समय में वर्ष 2012 के अंत में अंडर-16 राष्ट्रीय चैम्पियन बन गए। उसके बाद और आगे बढ़ने के लिए उन्हें बेहतर उपकरणों और अच्छी खुराक के लिए वित्तीय सहायता की जरूरत थी। ऐसे में उनके संयुक्त किसान परिवार ने उनकी हरसंभव मदद की, जिसकी बदौलत वह वर्ष 2015 में राष्ट्रीय शिविर में शामिल हो गए और अगले ही साल 2016 में जूनियर विश्व चैम्पियनशिप में विश्व रिकॉर्ड के साथ ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीतकर सुर्खियों में आए। उनकी लग्न तथा कड़े परिश्रम का ही नतीजा टोक्यो ओलम्पिक में ऐतिहासिक जीत के बाद विश्व चैंपियनशिप में जीत के रूप में भी दुनिया के सामने है।

नीरज की बेमिसाल उपलब्धियों की ही बदौलत उन पर न केवल लगातार इनामों की बरसात हो रही है बल्कि ओलम्पिक में सोना जीतने के बाद वह खेलों के साथ-साथ विज्ञापन की दुनिया में भी एक स्टार बनकर उभरे हैं और उनकी ब्रांड वैल्यू में सौ फीसदी से भी ज्यादा की बढ़ोतरी हुई है। सीएनॉलेज की एक रिपोर्ट के मुताबिक 2022 में नीरज का नेटवर्थ करीब 31.93 करोड़ रुपये (4 मिलियन डॉलर) हो चुका है। वैसे बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में भी देश को उनसे काफी उम्मीदें थी लेकिन विश्व चैंपियनशिप के दौरान जांघ की मांसपेशियों में खिंचाव आने के कारण डॉक्टरों की सलाह पर नीरज को इन खेलों से हटना पड़ा है, जिससे भारत की एथलेटिक्स में पदक की संभावनाओं को झटका लगा है। बहरहाल, अब नीरज की नजरें की 2024 के पेरिस ओलम्पिक पर केन्द्रित हैं और नीरज के शानदार प्रदर्शन को देखते हुए आने वाले वर्षों में उनके द्वारा विभिन्न स्पर्धाओं में लगातार पदक जीतने की उम्मीदें बरकरार हैं।

## मन की शक्ति

मन को जीवन का केंद्रबिंदु कहना असंभव नहीं है। मनुष्य की क्रियाओं, आचरणों का प्रारंभ मन से ही होता है। मन तरह-तरह के संकल्प, कल्पनाएं करता है। जिस ओर उसका रुझान हो जाता है उसी ओर मनुष्य की सारी गतिविधियां चल पड़ती है। जैसी कल्पना हो उसी के अनुरूप प्रयास-पुरुषार्थ एवं उसी के अनुसार फल सामने आने लगते हैं। मन जिधर रस लेने लगे उसमें लौकिक लाभ या हानि का बहुत महत्व नहीं रह जाता। प्रिय लगने वाले के लिए सब कुछ खो देने और बड़े से बड़े कष्ट सहने को भी मनुष्य सहज ही तैयार हो जाता है। मन यदि अच्छी दिशा में मुड़ जाए; आत्मसुधार, आत्मनिर्माण और आत्मविकास में रुचि लेने लगे तो जीवन में एक चमत्कार हो सकता है। सामान्य श्रेणी का मनुष्य भी महापुरुषों की श्रेणी में आसानी से पहुंच सकता है। सारी कठिनाई मन को अनुपयुक्त दिशा से उपयुक्त दिशा में मोड़ने की ही है। इस समस्या के हल होने पर मनुष्य सच्चे अर्थ में मनुष्य बनता हुआ देवत्व के लक्ष्य तक सुविधापूर्वक पहुंच सकता है। शरीर के प्रति कर्तव्य पालन करने की तरह मन के प्रति भी हमें अपने उत्तरदायित्वों को पूर्ण करना चाहिए। कुविचारों और दुर्भावनाओं से मन गंदा, मलिन और पतित होता है, अपनी सभी विशेषता और श्रेष्ठताओं को खो देता है। इस स्थिति से सतर्क रहने और बचने की आवश्यकता का अनुभव करना हमारा पवित्र कर्तव्य है। मन को सही दिशा देते रहने के लिए स्वाध्याय की वैसी ही आवश्यकता है जैसे शरीर को भोजन देने की। आत्मनिर्माण करने वाली जीवन की समस्याओं को सही ढंग से सुलझाने वाली उत्कृष्ट विचारधारा की पुस्तकें पूरे ध्यान, मनन और चिंतन के साथ पढ़ते रहना ही स्वाध्याय है।

## समय के महत्व को समझें और अपनी महत्वकाक्षांओं को पूरा करें

नरेन्द्र भारती

गांव व डाकघर भंगरोटू जिला मंडी हिमाचल प्रदेष 175021 समय के महत्व को समझें और अपनी महत्वकाक्षांओं को पूरा करें।समय एक अनमोल पूंजी है। समय के पाबंद बने।समय रेत की तरह हर पल फिसल रहा है क्योंकि समय को बांधा नहीं जा सकता यह अटल सत्य है।अगर समय के साथ नहीं चलोगें तो पिछड़ जाओगें।समय का प्रबंधन करें।समय को जिसने भी बरबाद किया समय ने उसे भी बरबाद कर दिया।समय किसी का इंतजार नहीं करता।समय का सदुपयोग करोगे तो सफलता हासिल करोगे अगर समय का दुरुपयोग करोगे तो धराषायी हो जाओगे।समय की जिसने कदर की समय ने उसे उचाईयां दी है।मानव को चाहिए कि समय के हर एक मिनट और सैकंड व घंटों का सही सदुपयोग करे।जो समय के साथ निर्बाध गति से चला समय ने उसे मंजिल तक पहुंचाया है।समय बहुत ही बलवान है वक्त के थपेडों से कोई नहीं बच पाया है।समय सारणी बनाएं और हर पल का फायदा उठाएं।समय का सदुपयोग करें और अपने जीवन को खुषहाल बनाएं।आज लोग मोबाईल फोन पर समय बरबाद कर रहे है।चैबीसों घंटे सोषल मीडिया पर व्यस्त रहते है।एक-एक मिनट की कीमत पहचानो।एक धावक एक सैंकेड खो देता है तो वह गोल्ड मैडल से वंचित रह जाता है।चौबीस घंटों में से आदमी पता नहीं कितने घंटे बेकार के कामों में बरवाद कर रहा है।एक मिनट के देरी से रेल छूट सकती है। समय सबसे बड़ा गुरु है।समय ने बड़े से बड़े तानाषाहों को धूल चटा दी जो समय के खिलाफ चले थे मिटटी में मिल गए।वक्त का पहिया जब घूमता है तो कंगाल होने में देर नहीं लगती।मानव को समय से डरना चाहिए न जाने कब कैसा समय



देखना पड़े।समय का मिजाज पता नहीं कब बदल जाए।आज मानव के पास अच्छा करने का समय ही नहीं है जबकि बुरा करने के लिए समय ही समय है।मानव कितन भी अमीर हो जाए अपना गुजरा हुआ समय नहीं खरीद सकता।समय से डरो अच्छे कर्म करो।समय मानव को कई रंग दिखाता है।समय -समय पर मानव की परीक्षा लेता रहता है।समय का सही मायने में सम्मान करो।समय अनमोल है व दुर्लभ है। कोरोना महामारी ने मानव को समय की कीमत बता दी। समय बलवान है। कोराना महामारी में सात संमदर पार से लोग अपने वतन पहुच गए जिनके पास समय ही नहीं होता था।रिष्ते नातों के लिए समय नहीं होता था मगर कोरोना में समय ने सबको एक छत के नीचे लाकर खड़ा कर दिया था। मानव को हमेषा अतीत का आईना देखते रहना चाहिए ताकि अहसास होता रहे कि ऐसे भी दिन थे दिन एक जून की रोटी नसीब नहीं होती थी आज जब समय बदला तो अपना गुजरा हुआ वक्त भूल रहा है।आदमी भले ही कितना बड़ा बन जाए मगर अतीत के समय की परछाईयां उसका दामन नहीं छोड़ती मरते दम तक साथ रहती हैं।।समय बदलते देर नहीं लगती समय किसी को भी अर्ष पर ले जाता है और किसी को फर्ष पर ले जाता है इसलिए मानव को मर्यादा में रहकर ही हर काम करना चाहिए।आदमी को किसी के साथ भी धोखा नहीं करना चाहिए।किसी के साथ विष्वासघात नहीं करना चाहिए।क्योंकि एक बार विष्वास टूट जाता तो फिर से कायम कर पाना मुष्किल हो जाता है।ऐसे मानव का जीवन व्यर्थ है जो दूसरों को दुख देता है।समय के पास सबका लेखाजोखा है।जीवन में हम अनेक समय सुख-दुख देखते है,परन्तु क्या हमने किसी और के लिए कुछ करने के बाद सच्चे सुख की अनुभूति की है दूसरों का बुरा समय देखकर आखें मत फेरो बल्कि अपनी सामर्थ्य के अनुसार दीजिए ,खासकर उन्हे जो अनेक चीजों से वंचित ही रहे या जिन्हे दुख के सिवाय कुछ भी नहीं मिला। आप महसूस करेगें कि परोपकार का काम करने के बाद आपके होंठों पर आई मुस्कराहट दुनियाभर की दौलत से भी मंहगी होगी। सुख के समय में तो सभी साथ होते है मगर दुख के समय में साथ छोड देते है।सुख के समय ही समय न लगे पर दुख में समय निकालकर प्रत्येक की सहायता करो।क्योंकि दुख में जो किसी का साथ देता है वह एक मिसाल बन जाता है। आदमी आज समय बदलने पर गिरगिटों की तरह रंग बदलता है। आज मानव का समय व मतलब निकल जाने पर पहचानने से इन्कार कर देता है।

# लहराएं 'तिरंगा' तो यह रखें ख्याल...?

### सूडोकु नवताल- 6154

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | 7 | | 1 | | | 3 |
| 3 | | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | | 4 |
| 1 | | | 4 | | 6 | | 9 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

**सूडोकु नवताल -6153 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 9 | 4 | 8 | 7 |
| 3 | 4 | 8 | 7 | 1 | 5 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 9 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 7 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 7 | 8 | 5 | 4 |
| 6 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 | 1 | 4 | 5 |
| 2 | 8 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 | 9 | 3 |
| 4 | 5 | 9 | 1 | 6 | 3 | 7 | 2 | 8 |

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

**15 अगस्त पर विशेष**

प्रभुनाथ शुक्ल

राष्ट्रीय ध्वज हमारे गौरव और स्वाभिमान का प्रतीक है। दुनिया का कोई भी देश अपने राष्ट्रीय ध्वज को जान से भी अधिक सम्मान देता है। राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान के लिए लाखों लोग बलिदान हो चुके हैं। भारत में राष्ट्रीय ध्वज विशेष अवसरों पर फहराया जाता है। बचपन में जब हम स्कूली शिक्षा ग्रहण कर रहे थे उस दौरान स्वाधीनता और गणतंत्र दिवस पर प्रभातफेरी निकाली जाती थी। उस दौरान स्कूली बच्चे हाथों में तिरंगा लेकर यह गीत गाया करते थे विजयी विश्व तिरंगा, प्यारा झंडा ऊंचा रहे हमारा। राष्ट्रीय ध्वज की परिकल्पना सबसे पहले पिंगली वेंकैया ने की थी।

**तिरंगा में तीन रंगों का मतलब:** हमारा राष्ट्रीय ध्वज तीन रंगों से बना है। सबसे ऊपर केसरिया रंग की पट्टी हमारी ताकत को दर्शाती है। सफेद रंग की पट्टी शांति और सत्य का प्रतीक है। सबसे नीचे हरे रंग की पट्टी विकास, उर्वरता और समृद्धि का द्योतक है। सफेद रंग की पट्टी के मध्य स्थापित %चक्र% अशोक स्तंभ से लिया गया है। चक्र के भीतर कुल 24 से तीलियां है। यह भारत के निरंतर प्रगति का संकेत देती हैं। संविधान सभा की बैठक में 22 जुलाई 1947 को इसे राष्ट्रीय ध्वज के रूप में मान्यता मिली। हालांकि इसके पूर्व भी कई तरह के झंडे देश और विदेश में फहराए गए, लेकिन उन्हें राष्ट्रीय ध्वज के रूप में अंगीकार नहीं किया गया था।

**राष्ट्रीय ध्वज का करें सम्मान:** राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान में कोई गुस्ताखी



नहीं होनी चाहिए। क्योंकि यह हमारे गौरव, स्वाभिमान और सम्मान का प्रतीक है। इसके सम्मान की हर हालत में रक्षा की जानी चाहिए। तिरंगे का अपमान राष्ट्र का अपमान समझा जाता है। फटे-पुराने एवं कटे हुए तिरंगे को नहीं फहराया जाना चाहिए। संविधान सभा की ओर से राष्ट्रीय ध्वज के रूप में इसे अंगीकार किए जाने के बाद अभी सिर्फ एक बदलाव किया गया जिसमें चरखे की जगह अशोक स्तंभ के %चक्र% का उपयोग किया गया। इसके बाद राष्ट्रीय ध्वज में कोई भी बदलाव नहीं हुआ।

**क्या है फ्लैग कोड ऑफ इंडिया:** राष्ट्रीयध्वज के रोहण के लिए भी नियम बनाए गए हैं। भारतीय ध्वज संहिता यानी %फ्लैग कोड ऑफ इंडिया% में सब वर्णित है। भारतीय ध्वज संहिता 26 जनवरी 2002 को प्रभावी हुई है। भारतीय ध्वज संहिता 2002 को पुन~30 दिसंबर 2021 के आदेश द्वारा संशोधित किया गया है। जिसमें राष्ट्रीय ध्वज हाथ से कते और बुने हुए या मशीन से कते कॉटन, पॉलिएस्टर, ऊन, रेशम या फिर खादी की पट्टी से बनाया जा सकता है।

**कौन फहरा सकता है तिरंगा:** भारत का कोई भी नागरिक अपने निजी या सार्वजनिक स्थान, कार्यालय या घर पर तिरंगा फहरा सकता है। हालांकि इसके पूर्व यह अनुमति नहीं थी, लेकिन दिसंबर 2002 में संविधान संशोधन के जरिए अनुमति दी गयी। साल 2009 में रात्रि में भी तिरंगे को फहराने की अनुमति दी गई। पूरे भारत में 21 फीट लंबा और 14 फीट चौड़ा तिरंगा सिर्फ तीन स्थानों पर फहराया जाता है इसमें कर्नाटक का नारगुंड किला, महाराष्ट्र में पनहाला किला और मध्य प्रदेश का ग्वालियर किला शामिल है।

**राष्ट्रीय ध्वज पर लिखना अपराध है:** जब हम ध्वजारोहण करते हैं तो हमें हमेशा ख्याल रखना चाहिए कि हमारे दाहिने तरफ ध्वज होना चाहिए। हमारी ध्वज संहिता में प्लास्टिक का झंडा फहराने पर रोक है। लेकिन बदली परिस्थितियों और व्यापारिक स्थितियों में खूब प्लास्टिक के झंडे का उपयोग किया जाता है। राष्ट्रीय ध्वज की लंबाई और चौड़ाई 3~2 के अनुपात में होनी चाहिए। राष्ट्रीय ध्वज पर कोई भी चित्र या लेखन नहीं होना चाहिए। तिरंगे का उपयोग व्यवहारिक कार्यों में किसी भी तरीके से नहीं होना चाहिए। राष्ट्रीय ध्वज कभी भी जमीन से नहीं छूना चाहिए। राष्ट्रीय ध्वज के पास किसी भी धार्मिक या अन्य संस्था के झंडे को नहीं लगाया जा सकता है।

**तिरंगा जमींन या फर्श पर न झुकाएं:** राष्ट्रीय ध्वज पर किसी भी प्रकार कि कशीदाकारी, कुशन , रूमाल , नैपकिन नहीं बनायीं जा सकती है। राष्ट्रीय ध्वज का उपयोग सजावट के लिए नहीं किया जाएगा।

## पसमांदा मुसलमानों का उद्धार

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

देश के कुल मुसलमानों में पसमांदा मुसलमानों की संख्या लगभग 90 प्रतिशत है। पसमांदा का मतलब है- पिछड़े हुए! इन पिछड़े हुए मुसलमानों में वे सब शामिल हैं, जो कभी हिंदू थे लेकिन उनमें भी पिछड़े, अछूत, अनुसूचित और निम्न समझी जानेवाली जातियों के थे। इस्लाम तो जातिवाद और ऊँच-नीच के भेद को नहीं मानता है लेकिन हमारे मुसलमानों में ही नहीं, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के मुसलमानों में भी जातिवाद जस-का-तस कायम है, जैसा कि वह हिंदुस्तान में फैला हुआ है। पाकिस्तान के जाट, गूजर, अहीर, कायस्थ, खत्री, पठान और यहां तक कि अपने आप को ब्राह्मण कहनेवाले मुसलमानों से भी मेरा मिलना हुआ है। अफगानिस्तान में पठान, ताजिक, उजबेक, किरगीज, खत्री और मू-ए-सुर्ख मुसलमानों से भी मेरा कई बार साबका पड़ा है। इन मुस्लिम देशों में हिंदू-जातिवाद मौजूद है लेकिन वह वहां दबा-छिपा रहता है। भारत में तो जातिवाद का इतना जबर्दस्त बोलबाला है कि भारत के 'अशराफ' और %अजलाफ' मुसलमान 'अरजाल' मुसलमानों से हमेशा कोई न कोई फासला बनाए रखते हैं। पहले दो वर्गों में आनेवाले लोग अपने आप को तुर्कों, मुगलों और पठानों का वंशज समझते हैं और अजलाफ लोग वे हैं, जो ब्राह्मण और राजपूतों से मुसलमान बन गए हैं। भारत के मालदार, उच्च पदस्थ और शिक्षित मुसलमानों में अरजाल मुसलमानों की संख्या लगभग नगण्य है। उनमें ज्यादातर खेती, मजदूरी, साफ-सफाई और छोटी-मोटी नौकरियां करनेवाले गरीब लोग ही होते हैं। इन्हीं मुसलमानों को न्याय दिलाने के लिए तीन-चार पसमांदा नेताओं ने इधर कुछ पहल की है। उनमें से एक नेता अली अनवर अंसारी ने एक बड़ा सुंदर नारा दिया है, जो मेरे विचारों से बहुत मेल खाता है। वे कहते हैं: दलित-पिछड़ा एक समान। हिंदू हों या मुसलमान!! मैं तो इसमें सभी भारतवासियों को जोड़ता हूँ, वे चाहे किसी भी धर्म या जाति के हों। जाति और धर्म किसी का न देखा जाए, सिर्फ उसका हाल कैसा है, यह जाना जाए। हर बदहाल का उद्धार करना भारत सरकार का धर्म होना चाहिए। इसीलिए मैं जातीय और मजहबी आरक्षण को अनुचित मानता हूं। आरक्षण जन्म से नहीं, जरूरत से होना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी पसमांदा मुसलमानों के साथ न्याय की आवाज उठाई है। मेरे ही सुझाव पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दिवंगत प्रमुख श्री कुप्प सी. सुदर्शन ने राष्ट्रीय मुस्लिम मंच की स्थापना की थी।

# मुरैना निगम सभापति चुनाव में कांग्रेस के राधारमण 6 वोटों से जीते

### कलेक्टर एवं एसपी के प्रयास भी नहीं दिला सके भाजपा प्रत्याशी को जीत, प्रशासन ने बना दिया हाईप्रोफाइल चुनाव





**मुरैना।** नगर पालिक निगम मुरैना के सभापति चुनाव में अंतर कांग्रेस प्रत्याशी 6 मतों से जीत गए और प्रशासन के भाजपा प्रत्याशी को जिताने के लाख प्रयास भी विफल हो गए। प्रशासन ने जिस तरीके से चुनाव को हाई प्रोफाइल बनाते हुए मीडिया का प्रवेश वर्जित कर दिया, उससे यह स्पष्ट हो गया कि प्रशासन की मंशा सही नहीं थी, लेकिन इस कलयुग में ईमानदारी अभी भी जिंदा है और कांग्रेस के साथ गए पार्षदों ने अंत तक कांग्रेस प्रत्याशी का साथ दिया।

पूर्व से निर्धारित नगर पालिक निगम मुरैना के सभापति चुनाव शुक्रवार को एबी रोड स्थित न्यू कलेक्ट्रेट में आरंभ हुआ 11 बजे सभापति पद के दावेदारों कांग्रेस से राधारमण दंडोतिया एवं भाजपा से श्रीमती भावना मंडलेश्वर हर्षाना द्वारा नाम निर्देशन पत्र दाखिल किए गए और जांच में सही पाए गए। दोपहर 1 बजे के पश्चात मतदान आरंभ हुआ और 2 बजे के पश्चात परिणाम घोषित हो गया, जिसमें कांग्रेस प्रत्याशी राधारमण दंडोतिया को 27 मत मिले, जबकि भाजपा प्रत्याशी श्रीमती भावना मंडलेश्वर हर्षाना को 21 मत मिले और इस तरह राधारमण दंडोतिया 6 मतों से विजई हुए। दोपहर 3 बजे के पश्चात कलेक्ट्रेट से पार्षदों का निकलना आरंभ हुआ और अंत में कांग्रेस के सभापति विजई होकर अपने पार्षद साथियों के साथ जुलूस की शक्ल में शहर के प्रमुख मार्ग से निकले। कांग्रेस का सभापति बनने पर कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं में जश्न का माहौल देखने को मिला। खास बात यह रही कि सभापति के चुनाव को जिला प्रशासन ने हाई प्रोफाइल बना दिया और कलेक्ट्रेट सभागार को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया सभापति चुनाव को लेकर कांग्रेस प्रत्याशी समर्थक इस बात से चिंतित नजर आए कि प्रशासन कहीं कोई गड़बड़ी ना करें क्योंकि जिस तरह से प्रशासन द्वारा फील्ड सजाई गई थी उससे तो यही धारणा बन रही थी लेकिन कांग्रेश के साथ जिन पार्षदों ने सहभागिता की उन्होंने कलयुग के इस दौर में ईमानदारी से चुनाव के अंत तक कांग्रेस प्रत्याशी का साथ दिया और उसे विजय श्री दिला कर ही वापस लौटे।

**हारने के बाद भाजपा पार्षदों के चेहरे मुरझाए:** शुक्रवार को न्यू कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुए सभापति के चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी राधारमण दंडोतिया के जीतने के पश्चात जब भाजपा के पार्षद बाहर निकले तो उनके चेहरों पर हार का दर्द साफ झलक रहा था और बुझे मन से वह अपने अपने गंतव्य की ओर रवाना हो गए, जबकि दूसरी ओर कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं में जश्न का माहौल देखने को मिला।

**अपील समिति में निर्विरोध 4 उम्मीदवार घोषित :** गुरूवार को नगर निगम मुरैना के अपील समिति का निर्वाचन जिसमें चारों उम्मीदवार निर्विरोध घोषित हुये। निर्वाचन के दौरान ठीक समय तक 4 उम्मीदवारों ने नाम-निर्देशन पत्र प्रस्तुत किये। समय-सीमा में उनके समक्ष अन्य कोई उम्मीदवारों ने नामांकन प्रस्तुत नहीं किया। जिसमें वार्ड क्रमांक 20 की शारदा, वार्ड क्रमांक 29 की चमेली देवी बलवीर सिंह, वार्ड क्रमांक 32 की रेशमा बानो (गद्दू) और वार्ड क्रमांक 35 के बंटी यादव (प्रमोद) को अपील समिति में निर्विरोध घोषित किया गया।

**सबलगढ में सोनेराम अध्यक्ष व ललिता उपाध्यक्ष पद पर विजयी:** नगर पालिका सबलगढ में गुरूवार को अध्यक्ष, उपाध्यक्ष पद के लिये चुनाव नेहरू डिग्री कॉलेज में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर भाजपा के सोनेराम धाकड़ को 10 मत प्राप्त होने के उपरांत अध्यक्ष पद के लिये भाजपा से विजयी हुये। वहीं उपाध्यक्ष पद के लिये भाजपा की श्रीमती ललिता मनोज प्रताप सिंह जादौन को 11 मत प्राप्त होने के उपरांत विजयी हुये।

**कैलारस में अंजना बसंल अध्यक्ष व सीमा उपाध्यक्ष घोषित:** नगर पंचायत कैलारस में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष का चुनाव सम्पन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष पद के लिये भाजपा की श्रीमती अंजना ब्रजेश बसंल को 12 मत प्राप्त होकर विजयी घोषित हुई। वहीं उपाध्यक्ष पद के लिये श्रीमती सीमा अशोक निर्विरोध घोषित की गई।

**झुण्डपुरा में मनीषा अध्यक्ष व यशवंत उपाध्यक्ष पद पर विजयी:** नगर पंचायत झुण्डपुरा में अध्यक्ष पद के लिये कॉग्रेंस की प्रत्याशी श्रीमती मनीषा बल्ली सोनी को 10 मत प्राप्त होने पर विजयी घोषित हुई। जबकि उनके प्रतिद्वंदी भाजपा की श्रीमती रामरती व्यास को 5 मत प्राप्त हुये। प्रकार उपाध्यक्ष पद के लिये यशवंत शर्मा निर्विरोध घोषित किये गये। झुण्डपुरा नगर परिषद में अध्यक्ष पद के लिए शुक्रवार को चुनाव संपन्न हुआ, जिसमें भाजपा के 5 पार्षद थे और भाजपा ने 2 निर्दलीय, 2 बसपा के पार्षद अपने में मिला लिए थे, लेकिन जब वोटिंग हुई तो कांग्रेस प्रत्याशी को 15 में से 10 वोट मिले। पता चला है कि 4 सीटों पर जीती कांग्रेस को 6 अतिरिक्त वोट जो मिले, उनमें पांच पार्षद भाजपा के हैं। इस प्रकार झुण्डपुरा नगर परिषद अध्यक्ष की सीट कांग्रेस के खाते में चली गई।

**पोरसा में कुसुमा अध्यक्ष व अरविन्द तोमर उपाध्यक्ष पद पर विजयी:** नगर पालिका पोरसा में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष का चुनाव सम्पन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष पद के लिये भाजपा की श्रीमती कुसुमा देवी पत्नि रामवीर को 8 मत प्राप्त होकर विजयी घोषित हुई।

# ब्रॉडगेज निर्माण के दौरान अंडर ब्रिज बनाने की मांग को लेकर क्रमिक भूख हड़ताल तीसरे दिन भी जारी

**कैलारस।** नगर कैलारस में ब्रॉडगेज निर्माण का कार्य पहाड़गढ रोड से आगे शुरू हो गया है। इसमें अस्पताल के लिए इसी किसी तरह का कोई रास्ता नहीं दिया गया है। जबकि विगत 50 वर्षों से परंपरागत रूप से दलित और गरीब बस्तियों के नागरिक आवागमन के लिए अस्पताल जाने के लिए एक मात्र रास्ता कृष्णमार्ग के सामने से है। लेकिन कृष्णमार्ग के सामने किसी तरह का कोई अंडर ब्रिज नहीं बनाया जा रहा है। अंडर ब्रिज बनाने की मांग को लेकर जनप्रतिनिधियों सहित अधिकारियों को कई ज्ञापन दिए गए हैं। लेकिन किसी तरह की कोई सुनवाई नहीं हो रही है। अतः मजबूरन बस्ती के निवासियों को क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठना पड़ा है। यह भूख हड़ताल तीसरे दिन भी जारी रही। जिस पर बैठने वालों मैं बाबूलाल कर्ण, रतनलाल शाक्य, नरेश जाटव, हलुके जाटव रहे। इन सभी को पूर्व में भूख हड़ताल पर बैठे ओम प्रकाश श्रीवास ने माल्यार्पण कर बिठाया। इस मौके पर भूख हड़ताल स्थल पर मौजूद दर्जनों नागरिकों ने आंदोलन के प्रति एकजुटता प्रकट की। साथ ही शासन और प्रशासन से मांग की है कि लोकहित को दृष्टिगत रखते हुए अस्पताल जाने के रास्ते को चालू रखा जाए। जिससे हजारों दलित एवं गरीब परिवार अस्पताल पहुंच सकें।



# जैन मिलन महिला राजुल का शपथ कार्यक्रम संपन्न




**मुरैना।** जैन मिलन महिला राजुल का स्थानीय होटल में राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय पद अधिकारियों की मौजूदगी में शपथ ग्रहण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर संस्था द्वारा उपस्थित अतिथियों का स्वागत सम्मान पत्रिका एवं मोतियों की माला द्वारा किया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय महिला संयोजिका अति वीरांगना शीला टोंगिया ने संबोधित करते हुए कहा यह कार्यक्रम मुरैना क्षेत्र में कम होते हैं परंतु मुरैना की मौजूदगी क्षेत्र में हमेशा रहती है क्षेत्रीय अध्यक्ष अति वीर राजेश जैन बंटी एवं क्षेत्रीय मंत्री वीर कमलेश जैन क्षेत्रीय संयोजक ग्रुप ई संजय जैन क्षेत्रीय संयोजक का ग्रुप बी शिल्पी जैन महिला जागृति की चेयरमैन नीलम जैन प्रशिक्षण समिति सरिता जैन का सम्मान किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र में अच्छा कार्य करने के लिए वीरांगना शिल्पी जैन को राष्ट्रीय महिला संयोजिका सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय मंत्री वीरांगना अनीता जैन द्वारा नवीन अध्यक्ष लीना जैन, मंत्री वंदना जैन, अंतिम जैन एवं नए सदस्यों को शपथ दिलाई गई। साथ ही हरियाली तीज भी मनाई गई। आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्रीय मंदिर स्थानक समिति सदस्य अति वीरांगना रेनू जैन, क्षेत्रीय चेयरपर्सन सरिता जैन, शालिनी, गीता, सीमा, संगीता, नीलिमा, सुनीता, बबिता, प्रिया, बबिता, सोमी आदि सदस्य मोजूद रही।

# मीडिया के साथ लाईन सूबेदार ने की अभद्रता, पत्रकारों ने किया विरोध प्रदर्शन

### 4 घंटे के प्रदर्शन के बाद मीडियाकर्मियों ने दिया ज्ञापन





**मुरैना।** जिला कलेक्टर द्वारा सभापति के चुनाव में मीडिया के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाए जाने के विरोध में जब पत्रकारों ने कलेक्ट्रेट गेट पर नारेबाजी कर धरना आरंभ किया और कलेक्टर द्वारा निर्वाचन में आने-जाने के लिए जारी किए गए परिचय पत्रों को जलाया, उसी वक्त लाइन सूबेदार मलखान सिंह हथियारों से लैस पुलिस बल के साथ आ गए और पत्रकारों के साथ धक्का-मुक्की कर डाली एवं परिचय पत्रों को पैरों से दबाने लगे। इस बात का मीडिया कर्मियों ने विरोध किया तो पुलिस द्वारा मीडिया कर्मियों से धक्का-मुक्की कर अभद्रता की गई, जिसके बाद मामला और बिगड़ गया। आक्रोशित पत्रकार कलेक्ट्रेट गेट पर ही धरना देने लग गए और कलेक्टर मुर्दाबाद, एसपी मुर्दाबाद के नारे लगाए। इस दौरान मुख्य गेट से किसी वाहन को नहीं निकलने दिया गया। 4 घंटे के विरोध प्रदर्शन के बाद बड़ी मुश्किल से कलेक्टर, एसपी गेट पर आए और पत्रकारों की बातों को सुना। इस दौरान यह भी देखने को मिला की जिला कलेक्टर अपने पद के अहम मैं इतने मगरूर थे, कि मीडिया कर्मियों की बातों को तबज्जो तक नहीं दी। इधर पुलिस अधीक्षक ने मलखान सिंह द्वारा की गई अभद्रता पर मीडिया को आश्वासन दिया कि शनिवार की शाम तक पूरे मामले की जांच पड़ताल कर दोषी पाए जाने पर सूबेदार के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। पत्रकारों ने राज्य निर्वाचन आयोग, पुलिस महानिदेशक मध्य प्रदेश, गृहमत्री, डीआईजी एवं पुलिस अधीक्षक मुरैना को ज्ञापन दिया है।

# अंबाह में आज शनिवार को होगा नपा अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का चुनाव

### -भाजपा ने निर्वाचन वाले दिन नाम घोषित करने की बनाई रणनीति

**अंबाह।** आठ वर्ष बाद आज शनिवार 6 अगस्त को अंबाह नगर पालिका में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष पद के लिए चुनाव कराया जाएगा। यहाँ 18 पार्षद अपने मताधिकार का प्रयोग करके अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चयन करेंगे। ज्ञात रहे कि अंबाह में भारतीय जनता पार्टी द्वारा बनाए गए पर्यवेक्षक द्वारा संभावित उम्मीदवारों के साथ बैठक कर ली गई है, वहीं पार्टी सूत्रों के हवाले से खबर मिली है कि भाजपा अभी जोड़-तोड़ की राजनीति से बचने के लिए अध्यक्ष पद एवं उपाध्यक्ष पद के उम्मीदवार के नाम ठीक चुनाव के वक्त घोषित करेगी।

बता दें कि भाजपा पार्टी सूत्रों के हबाले से खबर मिली है कि भाजपा अभी जोड़-तोड़ की राजनीति से बचने के लिए शनिवार को अंबाह में चुनाव से कुछ समय पूर्व ही मैंडेट जारी कर अपना उम्मीदवार घोषित करेगी। इस संबंध में अंबाह भाजपा के चुनाव प्रभारी बच्चू लाल गुप्ता का कहना है कि भाजपा के सभी पार्षद एकजुट है, इसके साथ ही हमें कुछ निर्दलीयों का समर्थन भी प्राप्त है, जिस पार्षद के नाम पार्टी मेंडेड घोषित करेगी, उसको सभी एकजुट होकर वोट देंगे। गौरतलब है कि अंबाह में भाजपा की तरफ से दो लोग अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं, जिसमें वार्ड 05 से विजयी प्रत्याशी अंजली जिनेश जैन व वार्ड 08 से विजयी प्रत्याशी पूर्णिमा कविंद्र तोमर में से किसी एक नाम पर मोहर लगेगी। यहां पर कांग्रेस ने पहले से ही पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती मंजू मधुराज सिंह तोमर को अपना उम्मीदवार घोषित कर रखा है।

# पल्लीवाल महिला मंडल ने मनाया हरियाली तीज उत्सव, किया पौधारोपण

**मुरैना।** पल्लीवाल महिला मंडल की अध्यक्ष करुणा जैन ने बताया कि हरियाली तीज उत्सव में सावन के नेमी राजूल के भजन मल्लार गीत नृत्य किए। बाहर से पधारे अतिथि सुनीता ग्वालियर पुलक चेतना मंच के अध्यक्ष, ममता हाथरस, सरिता कानपुर का स्वागत पल्लीवाल महिला मंडल की सचिव शशि जैन, सदस्य कल्पना जैन ने उनका तिलक लगाकर और हरी चुड़ियाँ पहनाकर सम्मान किया। सभी महिलाओं के स्वागत में भी सुहाग की हरी-हरी चुड़ियाँ पहनाई गई व बड़ी धूमधाम से हरियाली तीज उत्सव मनाया गया एवं हरियाली तीज थीम पर हाऊजी गेम्स खेल गये। सचिव शशि जैन ने जैन धर्म पर आधारित खुला प्रश्न मंच रखा गया। विजेताओं को पुरस्कार कल्पना जैन के द्वारा दिए गये। कार्यक्रम के अंत में हरियाली क्वीन का चयन करना था। सोलह श्रृंगार करके आई हूई महिलाओं ने हरियाली क्वीन प्रतियोगिता में भाग लिया। जूरी में ग्वालियर से सुनीता जैन और कानपुर से सरिता जैन ने ही सभी महिलाओं को देखकर हरियाली क्वीन विनर पल्लीवाल महिला मंडल की सक्रिय सदस्य सरिता जैन को चुना। जब कि दूसरे नम्बर पर वंदना जैन रहीं। सभी महिलाओं ने क्वीन के साथ ने मिलकर पौधारोपण भी किया और झुला झूले। कार्यक्रम में अध्यक्ष करुणा जैन, सचिव शशि जैन, सांस्कृतिक मंत्री सुनीता जैन, विमलेश, कल्पना, सरिता, ममता, कुमकुम, सपना, सीमा, कल्पना, ललिता, शोभा, अनीता, माया, राजीव, गीता, आभा, बीना, संगीता, उर्मिला, नूतन, बबीता सभी सदस्य उपस्थिति रहे।



# सीएम राइज स्कूल गुनौर में प्रभारी प्राचार्य पर तानाशाही और जातिवादी रवैए को लेकर उठे सवाल,अनुसूचित जाति के अतिथि शिक्षकों को रखने से किया इंकार

## मीडिया के सामने फरियादी आवेदिका को किया अपमानित,मीडिया को धमकाने का किया प्रयास

**संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा पुष्पांजलि टुडे**

प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह द्वारा बच्चो के भविष्य और शिक्षा के स्तर को बेहतर करने और निजी विद्यालयों जितनी सुविधा देने के उद्देश्य से पूरे प्रदेश में चयनित विद्यालयों को सीएम राइज विद्यालय में उन्नयन किया गया है जिसका शैक्षणिक सत्र जून 2022 से सुरु हो चुका है परंतु लगता है तात्कालिक गुनौर उत्कृष्ट विद्यालय वर्तमान सीएम राइज स्कूल और वहां अध्यनरत बच्चो के खराब दिन अभी भी बदस्तूर जारी है।

जिला शिक्षा अधिकारी के खासमखास कहे जाने वाले पी डी मिश्रा जो की उप प्राचार्य के पद पर सीएम राइज गुनौर में आए थे लेकिन उच्चाधिकारियों ने उपकृत करते हुए प्रभारी प्राचार्य बना दिया अब आलम ये है की विद्यालय की पूरी व्यवस्था बेपटरी हो चली है।

एक ओर जहां बच्चो के एडमिशन न लेने के कारण कई शिकायते सीएम हेल्पलाइन की शोभा बढ़ा रही है वही दूसरी ओर अपने तानाशाही रवैए के कारण अतिथि शिक्षकों को ज्वाइनिंग नही देने के कारण सैक्षिक व्यवस्था पूरी तरह से चौपट पड़ी हुई है।

कई अतिथि शिक्षको ने प्रभारी प्राचार्य पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया पूर्व कार्यरत अतिथि शिक्षको को विद्यालय में रिक्तियों के आधार पर पुनरावृत किया जाना था लेकिन अनुसूचित जाति के लोगों से जातिगत विद्वेष रखने के कारण उन्हें ज्वाइनिंग नही दी जा रही ।

अतिथि शिक्षकों के बताए अनुसार विद्यालय में ग्यारहवीं में कला संकाय में लगभग 260 और बारहवीं में 250 छात्र संख्या है और सी एम राइज के नियम अनुसार 40 बच्चो पर एक सेक्शन बनाया जाना तय किया गया है और नियमित शिक्षक द्वारा अधिकतम 6 कालखंड और अतिथि द्वारा अधिकतम 4 कालखंड पढ़ाने का नियम है इस अनुशार केवल कला संकाय में 13 सेक्शन बनाए जाने चाहिए जिसके लिए नियमित शिक्षको की उपलब्धंता ही नही है ऐसी स्थिति



में शिक्षको की उपलब्धता पूर्व कार्यरत अतिथि शिक्षक के माध्यम से पूरा किया जाना आदेशित किया गया है परंतु हरिजन विरोधी प्राचार्य द्वारा जातिगत विद्वेष के चलते बच्चो के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है और अतिथि शिक्षको को भी मानसिक प्रताड़ित किया जा रहा है।

ऐसा नहीं है की इस बात की जानकारी उच्च अधिकारियों को नही है सेवानिवृत्त होने की कगार पर बैठे जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा निर्विवाद रिटायरमेंट की लालसा में किसी तरह का कोई एक्शन नहीं लिया जा रहा जिसका परिणाम मासूम बच्चे भोगने को मजबूर है।

अपनी संदिग्ध कार्यशैली के लिए मशहूर विवादित प्राचार्य द्वारा गार्ड और हाउसकीपिंग स्टाफ भर्ती मामले में भी गड़बड़झाला साफ दिखाई दे रहा है जिसकी खुसुरफुसूर शिक्षा विभाग के गलियारों में चर्चा का विषय बना हुआ है। बहरहाल हर छोटे बड़े मौके पर मुखरता दिखाने वाले जनप्रतिनिधि,समाजसेवी, और शिक्षक संगठन आज गुनौर की बदहाल शिक्षा व्यवस्था को लेकर इतने खामोश क्यों है? समझ से परे है।

### कौन है पी डी मिश्रा

पी डी मिश्रा एक उच्च माध्यमिक शिक्षक है जो अपनी संदिग्ध कार्यशैली के लिए हमेशा विवादमे रहे है पूर्व में सलेहा में प्रभारी प्राचार्य रहते हुए वित्तीय अनियमितता करने पर निलंबित किये जा चुके है,वही इनके कार्यकाल के दौरान कई गंभीर आरोप पूर्व में इनपर लग चुके है साथ ही कई शिक्षको से विवादास्पद स्थिति बनती देखी गई है। इनके कारनामों का कच्चा चिट्ठा पहले भी कई अखबारों की सुर्खियां बन चुका है।

### इन्होंने क्या कहा

नियमानुसार हमारी ज्वाइनिंग होनी चाहिए थी लेकिन शिक्षक न होने के बाद भी हमें केवल इसलिए नही ज्वाइनिंग दी जा रही क्युकी हम अनुसूचित जाति से आते है और प्रभारी प्राचार्य जातिगत विद्वेष रखते है जबकि अपनी जाति के ही शिक्षक जो की पूर्व अतिथि शिक्षक भी नही है न ही कोई पैनल बनाया उन्हे ज्वाइनिंग दे दी है

**राजीव वर्मा,दुर्गा** अहिरवार, रावेंद्र मेहतर

मेरे स्कूल में सारी व्यवस्थाएं दुरुस्त है और सारा स्टाफ है मुझे शिक्षको की आवश्यकता नहीं है मीडिया के आने से में डरता नहीं हूं मीडिया को को छापना हो छाप दे मैं मीडिया लाने वाले अतिथि शिक्षकों को किसी भी हाल में ज्वाइन नही कराऊंगा जहां शिकायत करनी हो विकासखंड शिक्षा अधिकारी,जिला शिक्षा अधिकारी,अतिरिक्त संचालक सागर ,भोपाल कर दीजिए मुझे किसी का डर नहीं है

**पी डी मिश्रा**
**प्रभारी प्राचार्य**
**सीएम राइज स्कूल गुनौर**

मामला पत्रकारों के माध्यम से संज्ञान में आया है मैं जांच करके नोटिस जारी करूंगा और नियमानुसार कार्यवाही के लिए उच्चाधिकारियों को लेख करूंगा

**रामकुमार प्रजापति**
**विकाशखंड शिक्षा अधिकारी**

# चुनाव की रंजिश के चलते लगाई आग लाखों का सामान जलकर खाक

**सुनील कुमार पुष्पांजली टुडे**

**टीकमगढ़ जतारा।** चंदेरा पुलिस ने लगभग 40 50 लाख की नुकसान को आठ लाख में बदला चुनावी रंजिश के चलते लगाई आग लाखों का सामान जलकर हुआ खाक चंदेरा थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत स्यवनी का मामला है जहां पर दबंगों ने मिलकर घर में आग लगा दी जिसमें एक फोर व्हीलर बोलेरो गाड़ी और एक लोडिंग गाड़ी व दुकान में रखा सामान गेहूं चना आदि जलकर खाक हो गया जिस पर थाना प्रभारी रश्मि जैन ने बताया कि फरियादी सत्तार खान के द्वारा बताया गया हमारे मकान में दबंगों के द्वार आग लगा दी जिसमें हमारा लगभग 40 से 50 लाख का नुकसान हुआ है जिसको लेकर आगजनी की धाराओं के तहत आरोपियों पर मामला दर्ज किया गया और



जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी वही आपको बता दें कि पुलिस के द्वारा की गई कार्रवाई से पीड़ित परिवार असंतुष्ट है और मुख्य आरोपी पर कार्रवाई न किए जाने से पीड़ित परिवार ने नाराजगी जाहिर की है और प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है

# पन्ना पुलिस अधीक्षक पन्ना ने पुलिस विभाग से सेवानिवृत हुए चार सहायक उपनिरीक्षकों का साल, श्रीफल, तोहफ़े और तिरंगा झंडा दे कर किया सम्मान



**जिला ब्यूरो हरिचरण प्रजापति**

**पन्ना।** सेवानिवृत्त हुए 4 सहायक उपनिरीक्षको को पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री धर्मराज मीना ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में श्रीफल, साल सप्रेम भेंट एवम तिरंगा ध्वज देकर पुलिस विभाग से विदाई दी !जिसमे बहोरी लाल पांडे दिनांक 03-09-1984 से 31-07-2022 तक पुलिस विभाग में अपनी सेवाएं दी वर्तमान में पुलिस लाइन में वाहन शाखा प्रभारी के रूप में पदस्थ थे! विश्राम सिंह पुलिस दिनांक 01-09-1982 से 31-07- 2022 तक ट्रेड सहायक उप निरीक्षक पद पर अपनी सेवाएं पुलिस लाइन पन्ना दी! लाल बिहारी शर्मा दिनांक 17-04 -1994 से 31-07 -2022 तक अपनी सेवाएं दी! तथा थाना थाना देवेंद्रनगर से सहायक उप निरीक्षक पद से सेवानिवृत्त हुए शिरोमणि पांडे दिनांक 14-01-1992 से 31/07/2022 तक अपनी सेवाएं दी और थाना बृजपुर से सहायक उप निरीक्षक पद से सेवानिवृत्त हुए! सभी सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों को पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीना ने हर घर तिरंगा कार्यक्रम के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए एक -एक तिरंगा भेंट किया और सभी आगामी कार्यक्रमों के लिए आमंत्रित भी किया।



# चार माह से नही मिला वेतन अस्पताल के सफाई कर्मचारियों ने किया काम बंद

**अनिल कुशवाह प्रभारी पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-खबर शिवपुरी के जिला अस्पताल में ठेके पर कार्यरत सफाई कर्मचारियों को चार माह से वेतन नहीं मिलने पर कर्मचारियों ने काम बंद कर दिया। शुक्रवार की



सुबह सफाई कर्मचारी अस्पताल परिसर में एकत्रित हुए और काम न करने का निर्णय लिया। उधर सफाई कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से अस्पताल परिसर में सफाई व्यवस्था गड़बड़ा गई। वार्डों में मरीजों के पलंगों के नीचे कचरा फैला रहा। जिससे मरीजों व परिजनों को परेशानी हुई। सफाई कर्मचारी अरूण, अनीता आदि ने बताया कि चार माह से वेतन नहीं दिया गया है। जिससे आर्थिक समस्या के कारण परिवार चलाना मुश्किल हो रहा है। कर्मचारियों ने बताया कि इस संबंध में ठेकेदार से बात की गई तो उनका कहना है कि जल्द ही खातों में राशि पहुंच जाएगी। लेकिन अभी तक राशि नहीं आई। हर बार यही आश्वासन दिया जाता है लेकिन समस्या हल नहीं हो रही है। कर्मचारियों का कहना है कि जब तक उन्हें वेतन नहीं मिलता काम बंद रखेंगे।

# शिक्षा से ही समाज व देश की तरक्की संभव

**जितेंद्र सिंह पुष्पांजली टुडे**

**राजस्थान ।** शिक्षा से ही देश व समाज की तरक्की संभव है यह उद्गार सैनी विकास संस्थान द्वारा संचालित सैनी छात्रावास प्रांगण में आवासीय छात्रों की कैरियर निर्माण कार्यशाला में मुख्य अतिथि के पद से बोलते हुए सैनी समाज के जिलाध्यक्ष सीएल सैनी ने व्यक्त किए। सैनी ने सैनी विकास संस्थान द्वारा संचालित सैनी छात्रावास के विकास कार्यों की प्रशंसा करते हुए इसमें रहकर अध्ययन करने वाले छात्रों को कठिन परिश्रमी बनकर अपने लक्ष्य को प्राप्त करने का आह्वान किया तथा छात्रों को मोबाइल में अपने कीमती समय को खराब ना कर इसको अपने कैरियर निर्माण के लिए ही काम में लेने पर बल दिया तथा सैनी विकास संस्थान के जिला अध्यक्ष भागचंद सैनी एवं जिला कार्यकारिणी की मांग पर सैनी छात्रावास में छात्रों के अध्ययन के लिए लाइब्रेरी निर्माण के लिए मुख्य अतिथि सीएल सैनी द्वारा ?151000 का चेक संस्थान के जिलाध्यक्ष




भागचंद सैनी को जिले के गणमान्य समाज के पदाधिकारियों एवं छात्रों के समक्ष भेंट किया। सैनी विकास संस्थान के जिला अध्यक्ष भागचंद सैनी ने छात्रावास के विकास कार्यों एवं आगामी कार्यों से अवगत करवाते हुए इसके विकास के लिए भामाशाह के योगदान की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए इसके विकास के लिए सदैव आगे रहने का आह्वान किया। युवा नेता जितेंद्र सैनी ने संस्थान के छात्रों के द्वारा सरकारी सेवाओं में चयनित होकर जो कीर्तिमान स्थापित किए उस पर संतोष व्यक्त करते हुए आगामी

प्रतियोगी परीक्षाओं में भी कहीं छात्रों के चयनित होने का विश्वास व्यक्त किया संस्थान के जिला मंत्री राजेश सैनी ने छात्रावास के विकास के लिए धन संग्रह अभियान को प्रारंभ करने पर बल दिया। इस अवसर पर मदन मोहन जी सैनी जिला परिषद सदस्य, कालूराम सैनी पार्षद, रामनिवास सैनी मीरा सैनी पूर्व प्रधान, कैलाश नारायण सैनी पूर्व अध्यक्ष, हनुमान सैनी पार्षद भवानी शंकर सैनी रामलाल सैनी तहसील अध्यक्ष कन्हैया लाल सैनी कमल सैनी रामकिशोर सैनी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# अपने ही घर में असुरक्षित बेटियाँ

आज सुबह से अनराधार बारिश हो रही थी, शाम के सात बज गए तो आँचल को लगा आज तो मिनी घर में ही होगी इतनी बारिश में थोड़ी बाहर जाएगी। आँचल ने पूरा घर छान लिया पर मिनी कहीं नहीं दिखी। आँचल को लगा मिनी को बारिश बेहद पसंद है तो शायद बारिश का मज़ा लेते नहा रही होगी बाहर कहीं इसलिए रोज़ की तरह आज भी आँचल मिनी को ढूँढती गार्डन में आई। पर ये क्या आँचल ने देखा तो बारिश का मज़ा लेने की बजाय मिनी एक बेंच पर भीगती-ठिठुरती, उदास-चुपचाप बैठी थी।

आँचल ने नोटिस किया देवर वेदांत के घर आने का समय होते ही मिनी रोज़ गार्डन में खेलने चली जाती है, और कुछ दिनों से चुप-चुप सी उदास भी रहती है। रोज़ तो आँचल बहला फुसलाकर घर ले आती थी, पर आज मैं घर में नहीं आऊँगी मतलब नहीं आऊँगी की रट लगाए रुआँसी हो उठी। आँचल मिनी को समझाकर चॉकलेट की लालच देकर अपने घर के बदले अपनी दोस्त अनिता के घर ले गई, जो चाइल्ड सायकोलॉजी में मास्टर थी,



आँचल ने अनिता को सारी बातें बताई।

अनिता सब समझ गई, अनिता ने आइसक्रीम और खिलौने देकर मिनी को बातों में उलझा कर आहिस्ता-आहिस्ता सारी बातें उगलवाई, तो मिनी ने हाथ में रहे एक फूल को आक्रोश के साथ मसल कर जो बताया उसे सुनकर दोनों अचंभित हो गई। मिनी ने कहा आंटी वेदांत चाचू जब मुझे प्यार करने बाँहों में भरते है तो मुझे अजीब लगता है। वो प्यार नहीं करते ऐसी-वैसी जगह को दबाकर मेरे होठों पर पप्पी लेते है और अपनी फ्राक उपर करते सीने पर नाखून के निशान दिखाते बोली ये देखिये कल कितना ज़ोरों से मेरे सीने को दबाकर प्यार किया बहुत दुखता है, मुझे वेदांत चाचू बिलकुल पसंद नहीं।

अनिता ने कहा आँचल मिनी अपने ही घर में बैड टच का शिकार है, तुम्हारा देवर मिनी का शारीरिक शोषण कर रहा है। इससे पहले की मिनी के साथ कुछ गलत हो जितना जल्दी हो सकें अलग घर लेकर ऐसी मानसिकता वालों से दूर हो जाओ। बेटियाँ अब अपने ही घर में सुरक्षित नहीं अपनों के ही हाथों रोंदी जाती है मिनी डर गई है, इससे पहले की ये डर उसके नाजुक मन को तोड़ दे कोई निर्णय लेकर समाधान ढूँढो।

आँचल ने आगबबूला होते उसी वक्त अपने पति संजय को घर ढूँढने के लिए बोलकर संयुक्त परिवार से अलग रहने का निर्णय लिया। संजय ने आँचल से नाराज़ होते कहा मैं तुम्हें ओरों से अलग समझता था पर तुम भी वैसी ही निकली अलग आशियां बसा कर जिम्मेदारियों से भागने वाली स्वार्थो बहू। आँचल ने इतना ही बोला संजय आप मुझे गलत समझ रहे है आप भी जानते है मैंने अपनी जिम्मेदारियों से कभी मुँह नहीं मोड़ बस इतना समझ लो अब संयुक्त परिवार के मायने बदल गए है, संजय हमारी बेटी इस घर में सुरक्षित नहीं। संजय थोड़े में बहुत कुछ समझ गया और बोला ओह हम कल ही अलग घर लेकर चले जाएंगे। संयुक्त परिवार टूटने का कलियुग का एक घिनौना कारण यह भी होगा कभी सोचा नहीं था। मिनी ज़्यादा कुछ नहीं समझी फिर भी आँचल के फैसले पर मुस्कुराते अपनी माँ के गले लग गई।

**भावना ठाकर %भावु% बेंगलोर**

# पौधों और प्राणियों का संरक्षण सभी का नैतिक दायित्व - प्रो. अली



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** डॉ. श्याम बिहारी शर्मा जी की स्मृति में पौधारोपण एवं घायल प्राणियों के लिए औषधि प्रदाय का कार्य इंसानियत युवा मंडल समिति द्वारा संचालित प्राणी-उपचार सेवा केंद्र में किया गया। जिसमें अपने उद्गार व्यक्त करते हुए प्राणी विज्ञानी प्रो. इकवाल अली ने पौधों और प्राणियों के संरक्षण में संलग्न सभी निस्वार्थ सेवा कर रहे इंसानियत सदस्यों को ÷सच्ची मानवता के अग्रदूत÷ कहा और उनके द्वारा आधा सैकड़ा स्वान, बंदर और बिल्ली को स्वस्थ काया प्रदान करने के लिए सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया । वनस्पति शास्त्री प्रो. रामानंद शर्मा ने विल्व, पीपल और अशोक के पौधों का शास्त्र सम्मत उल्लेख किया। हुक्कू इंसानियत ने बताया कि लगभग दर्जनभर पक्षियों को इस केंद्र से स्वस्थ कराके मुक्त गगन में छोड़ा जा चुका है। कार्यक्रम आयोजन समिति सदस्य नीतू राजावत ने अपने जन्मदिवस पर प्राणियों के लिए औषधियां प्रदान की तथा प्रो. करन सिंह भदौरिया, विशंभर सिंह राजावत, शैलेश सक्सेना के साथ डॉ.श्याम बिहारी शर्मा जी की स्मृति में अनिकेत, कुलदीप, पुष्पेंद्र, शिल्पा, चिंटू और रोहित आदि को 11 पौधों का वितरण किया। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर रामानंद शर्मा और आभार जय प्रकाश शर्मा द्वारा किया गया।

# बुजुर्गों की सेवा मन को भावुक कर देती है- गीता कैलाश रघुवंशी जिला पंचायत अध्यक्ष

रघुवर दयाल गोहिया पुष्पांजली टुडे

**भोपाल/विदिशा।** श्री हरि वृद्ध आश्रम में नव निर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमति गीता कैलाश रघुवंशी की पूज्य माता जी स्वर्गीय कोमल देवी की पुण्य स्मृति पर भोजन कराते हुए श्रीमति गीता रघुवंशी अत्यंत भावुक हो उठीं ।उन्होंने कहा कि बुजु र्गों की सेवा मन को बहुत द्रवित कर देती है।

इस अवसर पर नगर के प्रतिष्ठित ग्रुप संगीत साथी द्वारा आश्रम में भव्य संगीत सभा का आयोजन किया गया । जिसकी मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि संगीत बुजुर्गों के मन को बहलाने का उत्तम साधन है। इससे वे कुछ पलों के लिए अपने सारे तनाव से दूर रह सकते हैं ।उन्होंने कहा कि 24 घण्टे बुजुर्गों की सेवा करना एक कठिन तप है जिसे




विरले इंसान ही कर सकते हैं। पुण्य के इस महा यज्ञ में अपनी आहुति देने वाला इंसान ही महा मानव है। उन्होंने सभी से बुजुर्गों की सेवा में सहयोग देने की अपील की।

विषेश अतिथि मुक्ति धाम के सचिव मनोज पांडे ने कहा कि श्रीमति इन्दिरा शर्मा और श्री वेद प्रकाश शर्मा बुजुर्गों की सेवा बड़े संजीदा ढंग से कर रहे हैं जो काबिले तारीफ है ।कार्यक्रम में संगीत साथी ग्रुप व आश्रम संचालक मंडल द्वारा श्रीमति गीता रघुवंशी का शाल, श्रीफ़ल ओर अभिनन्दन पत्र देकर सम्मानित किया




गया। संचालन संगीत साथी ग्रुप के संजय दुबे ने किया। इस अवसर पर रेडियोलॉजिस्ट शालिनी रघुवंशी सहित अनेक संगीत प्रेमी उपस्थित थे ।

## चुनावी रंजिश के चलते आदिवासी युवक मैं मारी गोली अब बना रहे राजीनामा का दबाव

अनिल कुशवाह प्रभारी
पुष्पांजलि टुडे

**शिवपुरी**-खबर पुलिस अधीक्षक कार्यालय मैं आवेदन देने आई भित्ती आदिवासी ने बताया कि वह एक गरीब आदिवासी महिला है जो कि ग्राम गहलौनी में निवास करती है। गत दिवस



3 अगस्त को जब मैं आंखों का इलाज कराने गुना गई हुई थी तभी गाँव में मेरा बेटा भूरा आदिवासी को अकेला था तभी उसे हनुमान जी के मंदिर से गांव के दबंग कल्लू रावत पुत्र पंजाबी उर्फ नरेश रावत, बंटी रावत, लल्लू रावत, भूरा रावत, भूपेन्द्र उर्फ भोला रावत अपने साथ ले गए और इन दबंगों ने अपने घर पर लेकर उसे बंधक बनाकर मारपीट की तथा उसके बाद जान से मारने की नियत से कट्टे से फायर करने की बात कर रहे थे तो मेरा बेटा इनके चंगुल से छूटकर भागने लगा तो उसके पैर पंजाबी उर्फ नरेश रावत ने गोली मार दी। इस घटना की जानकारी जब नवनियुक्ति सरपंच संजय रावत को पता चली तो उन्होंने मेरे बेटे को बचाया और जब राधे रावत और कमल रावत मेरे बेटे को लेकर शिवपुरी अस्पताल लेकर आ रहे थे तब सिंहनिवास के पास लगभग 40 से 50 लोगों ने संजय रावत की गाड़ी पर हमला कर दिया और गाड़ी के कांच फोड दिए। इस घटना की जानकारी हमने तत्काल सिरसौद पुलिस को दी मगर पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की और जबकि पुलिस मेरे बेटे और मेरे परिवार को पैसे लेकर बयान बदलने की धमकी दी जा रही है। सिरसौद थाना प्रभारी का कहना है कि यदि बयान नहीं पलटे तो उल्टा केस लगाकर जेल में डाल देंगे। इनकी धमकियों से भित्ती आदिवासी एवं उसका बेटा तथा पूरा परिवार डरा हुआ है। आरोपी पक्ष के लोग जिला अस्पताल में बार बार आ रहे हैं और चिकित्सकों पर दबाव बनाकर छुट्टी करवाने का दबाव बना रहे हैं। इनकी धमकियों से हम सब भयभीत हैं। सिरसौद थाना प्रभारी राजेन्द्र शर्मा से बात करने पर उन्होंने बताया आदिवासी परिवार की ओर से दिए गए आवेदन पर जांच की जा रही है लेकिन जब गोली लगने वाला शख्स ( भूरा )स्वयं गोली मारने वाले व्यक्ति का नाम बता रहा है इसके बावजूद भी पुलिस के द्वारा अभी तक गोली मारने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार नहीं किया गया है

## शहर की सामाजिक संस्थाओ ने संयुक्त रूप से किया वृक्षारोपण



अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे

**ग्वालियर**- ग्वालियर शहर की समाजसेवी संस्था कावेरी वेलफेयर फाउंडेशन एवं भारत मिशन 100 करोड़ वर्क्षि संस्था ने संयुक्त रूप से एक वक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन आमखो पहाड़ी पर किया गया।इस अवसर पर दोनों संस्थाओं के सदस्यों ने वर्क्षिरोपण के साथ ही प्रकृति संरक्षण के प्रति अपने दायित्वों के निर्वहन का संकल्प दोहराया।इस अवसर पर कावेरी वेलफेयर फाउंडेशन की संस्थापक अध्यक्षा श्रीमती हेमलता राव,रेखा बंसल,कंचन,अभिषेक मिश्रा एवं भारत मिशन 100 करोड़ वर्क्षि संस्था से दिनेश मिश्रा,रोहित उपाध्याय,आशीष उदैनिया एवं कुणाल सोनी उपस्थित थे।

## महेंद्र मुणोत को किया सम्मानित



पुष्पाजंली टुडे

**बेंगलुरू** -सुक्रवार को हीरेमगलूर मैं श्री जय बसावा तपोवन विश्व धर्म पीठा के लोकार्पण कार्यक्रम में विशेष अतिथि महेंद्र मुणोत को जय बसावा नंदा स्वामी एंव अन्य मठाधीश के पदाधिकारीओ ने माला शॉल ओंढाकर किया किया ।इस अवसर पर महेंद्र मुणोत ने अपने वक्तव्य में कहा बड़ा ही सौभाग्यशाली हूं मैं कि मेरा जन्म जैन कुल में हुआ लेकिन यह कहते हुए मुझे गर्व होता है कि मैं हिंदू हूं हिंदुत्व जाति या संप्रदाय का नाम नहीं मैत्री सद्भावना एवं राष्ट्रीयता का नाम है।

## बेरोजगारी,महंगाई,अग्निवीर सैनिक भर्ती और खाद्य वस्तुओं पर जीएसटी के विरोध में जिला मुख्यालय पर शहर कांग्रेस ने प्रदर्शन कर गिरफ्तारी दी

दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड ।** शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ राधेश्याम शर्मा के नेतृत्व में बढ़ती हुई महंगाई बेरोजगारी अग्नि वीर सैनिक योजना और आवश्यक खाद्य वस्तुओं पर जीएसटी के विरोध में भिंड शहर के हृदय स्थल पर परेड चौराहे पर प्रदर्शन करके गिरफ्तारी दी । इस अवसर पर अध्यक्ष डॉ राधेश्याम शर्मा ने कहा की आवश्यक खाद्य बस्तुओं पनीर दूध दही और आटा पर केंद्र सरकार ने जीएसटी लगाकर गरीब आदमी के खर्चों में बढ़ोतरी कर दी है आज देश में महंगाई रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है गांव और शहरों में बेरोजगारी चरम पर है आज का युवा रोजगार के लिए दर-दर भटक रहा है सरकार युवाओं को रोजगार मुहैया नहीं करा पा रही है इसी के साथ अग्निवीर सैनिक योजना भी युवाओं के हित में नहीं है 4 साल बाद युवाओं को बेरोजगार कर देगी



इस अवसर पर नगर अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी ने कहा अग्निवीर योजना से युवाओं का कोई भला होने वाला नहीं है हर साल देश में 60000 सैनिक रिटायर होते हैं और रोजगार केवल 3000 सैनिकों को मिलता है बाकी 57000 सैनिक कोई रोजगार नहीं मिलता है और बढ़ती हुई महंगाई से घर चलाना महिलाओं को मुश्किल हो रहा है इस समय गैस सिलेंडर 1053 ? का है उज्वला योजना की असलियत- 4.13 करोड़ लाभार्थियों ने एक बार भी सिलेंडर नहीं भराया।आज देश कमरतोड़ महंगाई और ऐतिहासिक बेरोज़गारी से, सरकार की नीतियों से लायी बर्बादी से परेशान है

इस अवसर पर प्रमुख रूप से शहर जिला अध्यक्ष डॉ राधेश्याम शर्मा, नगर कांग्रेस के अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी सेवादल के जिला अध्यक्ष संदीप मिश्रा महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष रेखा भदौरिया महिला सेवा दल के जिला अध्यक्ष रीना चौहान ,प्रमोद जैन डब्बू, पवन सिंह बाबूजी, वीरेंद्र यादव, रतन चंद जैन, आशुतोष शर्मा, गुड्डू बाल्मिक, स्नेह लता जैन, राम अवतार सिंह भदोरिया, वीर प्रकाश श्रीवास्तव, बृजेश जैन ,प्रमोद दीक्षित, शैलेंद्र भदोरिया, राजेश शर्मा ,राहुल कुशवाह, अनीस कुरैशी अजय जैन राजवीर खन्ना, अंकित तोमर, संजय यादव, राकेश शाक्य ,सूरज सिंह राजावत, संजीव बरुआ, गजेंद्र यादव, इमरान खान, आयुष मिश्रा ,रमेश ठाकुर रामजीलाल शाक्य, कमलेश सुमन नरेश कुमार जाटव, पिंटू शर्मा ,पवन चौरसिया, सुशांत राजावत ,मोहम्मद इरफान, गममू कुलदीप भारद्वाज आदि कांग्रेस जन उपस्थित थे

## अंकुर अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत सिमरिया टांका में वृक्षारोपण किया गया।

पुष्पांजली टुडे

**ग्वालियर**- नेहरू युवा केन्द्र ग्वालियर एवं गिर्द विकास युवा मंडल एवं ग्राम पंचायत सिमरिया टाका द्वारा हाईस्कूल सिमरिया टांका में वृक्षारोपण किया गया, इस अवसर पर मुख्य रूप से ग्राम



पंचायत सिमरिया टांका की सरपंच श्रीमती सुप्रिया चौहान, मण्डल के संचालक गजेन्द्र सिंह चौहान, ग्राम पंचायत सिमरिया टांका के सचिव मोहर सिंह बंजारा, राजकुमार कौरव शिक्षक, वीरेन्द्र रावत, सोवरन जाटव, धर्मेन्द्र बाथम, गजेन्द्र रावत आदि उपस्थित रहे, मण्डल के संचालक द्वारा बताया कि हरियाली महोत्सव से प्रारंभ किये गए इस अभियान के अंतर्गत अभी तक शांतिधाम परिसर, प्रा.वि. थाटी परिसर आदि स्थानों पर लगभग 100 वृक्ष लगाए जा चुके हैं, एवं मण्डल के द्वारा आगे भी इस अभियान को जारी रखा जाएगा।

## महंगाई-बेरोजगारी के विरुद्ध कांग्रेस पार्टी ने प्रदर्शन कर सौपा ज्ञापन

### पुलिस ने जिलाध्यक्ष सहित दो दर्जन से अधिक कांग्रेसियों को लिया हिरासत में

दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड ।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेठी के आव्हान पर प्रदेश कांग्रेस कमेठी के निर्देशानुसार भिंड जिला कांग्रेस कमेठी द्वारा मेहगांव ब्लॉक अध्यक्ष के नेतृत्व में महगाई और बेरोजगारी के खिलाफ प्रदर्शन किया।तथा ग्वालियर रोड से पैदल रैली निकालकर मेहगांव एसडीएम कार्यालय पहुच कर एसडीम के द्वारा राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौपा गया। रैली के दौरान मोदी मुर्दावाद के नारे भी लगाए गए,मेहगांव पुलिस द्वारा जिला कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष मान सिंह कुशवाहा सहित रणजीत गुर्जर,अमित दांतरे,जितेंद्र नरवरिया,गजेन्द्र भदौरिया,अध्यक्ष किसान कांग्रेस, राजबीर बघेल,हरिओम कटारे, जितेंद्र वर्मा,परजीत लोधी, उस्मान खान,रोकी तोमर,रवि लोधी,चंद्रभान सिंह राजावत, विरजेश मौर्य इत्यादि कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया ,बाद में उन्हें छोड़ दिया गया। इस मौके पर सेकेंडो की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने अपनी बात रखते हुए कहा महगाई,चरम सीमा पर है दैनिक उपयोगी वस्तुएं महंगी हो गई है।पेट्रोल,डीजल,गेस सिलेंडर के दाम आसमान छू रहे है।बेरोजगारी इतनी हो गई है हर युवा



परेशान है आज कांग्रेस पार्टी द्वारा पूरे देश प्रदेश में महगाई, बेरोजगारी के खिलाफ ज्ञापन पत्र सौप गये। तथा दिल्ली में प्रधानमंत्री आवास का घेराव भी किया गया। कांग्रेस पार्टी आमजन गरीबो की लड़ाई इसी तरह रोडो पर लडती रहेगी। और कहां पुलिस हिरासत से हम लोग डरने वाले नहीं आमजन की लड़ाई के लिए हमे जेल भी जाना पड़े हमे मंजूर है पर हम लड़ाई लड़ना नही छोड़ेंगे। कांग्रेस पार्टी का महगाई के विरुद्ध मेहगांव में जबरजस्त कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

इस मौके रणजीत सिंह गुर्जर, अमित दातरे, गजेंद्र सिंह भदौरिया जिला अध्यक्ष किसान कांग्रेस, राजवीर बघेल ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र नरवरिया, ब्लॉक अध्यक्ष रोकी तोमर ,जबर सिंह कुशवाह, चंद्रभान सिंह राजावत, रामज्ञान कुशवाहा, परजीत लोधी आदिराम श्रीवास ,डॉक्टर बृजेश मौर्य हरिओम कटारे, रवि लोधी ,उस्मान खान आसिफ खान बंटी आर्य कमलेश खटीक ,सुशील पचौरी ,शिवप्रताप सिंह कुशवाह आदि लोग मौजूद रहे।

## शासकीय प्राथमिक विद्यालय रामनगर पर आज मां सरस्वती वीणा वादिनी वंदन किया गया

राकेश परिहार,पुष्पांजली टुडे



**पिछोर,** मनपुरा शासकीय प्राथमिक विद्यालय रामनगर पर आज मां सरस्वती वीणा वादिनी को बंधन अभिनंदन करते हुए मां सरस्वती की वंदना की गई जिसमें शासकीय प्राथमिक विद्यालय रामनगर शिक्षिका श्रीमती रामदेवी करवटिया द्वारा बच्चों को पुस्तके वितरण की गई जिसमें बच्चों के लिए कलाकृति के चित्र भी बनाने का कार्य किया गया और बच्चों को बेहतरीन ज्ञानवर्धक चीजें प्रदान की गई शिक्षिका रामदेवी करोटिया बच्चों के लिए एक बेहतरीन शिक्षा प्रदान करती हैं समय पर जाना समय पर विद्यालय लगाना उनका पहला लक्ष्य और साथ ही बच्चों को बेहतरीन शिक्षा प्रदान करना उनका पहला दायित्व है श्रीमती द्वारा गाया गया शासकीय प्राथमिक विद्यालय 1 से 3 बच्चों को शिक्षा दी जाती है जिसमें श्रीमती रामदेवी करोटिया शासकीय प्राथमिक विद्यालय रामनगर में चर्चा का विषय बनी हुई है बच्चे के प्रीति सदैव आगे रहती हैं

# विधायक सहसराम कोरोटे ने दिलाई जनपद पंचायत लांजी अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं सदस्यों को शपथ









### पुर्व जनपद अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं सदस्यों को साल श्रीफल भेंट कर दी बिदाई

रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे

**बालाघाट।** जनपद पंचायत लांजी में 5 अगस्त को जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं समस्त सदस्यो के द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ ली गई, उक्त कार्यक्रम जनपद पंचायत लांजी के सभागृह में दोपहर 2 बजे से आयोजित किया गया जिसमें मुख्यतिथी महाराष्ट्र के आमगांव विधानसभा के विधायक सहसराम कोरोटे, पूर्व विधायक भागवत भाऊ नागपुरे, आमगांव से उद्योगपति नरेश माहेश्वरी, विशिष्ट अतिथि पूर्व अध्यक्ष अमृतलाल मेश्राम, पूर्व अध्यक्ष देवेन्द्र खोंगल, पूर्व उपाध्यक्ष सत्यपाल मड़ावी, जिला पंचायत सदस्य ज्योति उमरे, ब्लॉक कांग्रेस बहेला अध्यक्ष ऋषि पटेल, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लांजी अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल सहित अन्य आमंत्रित गणमान्य जनपद सदस्य, नवनिर्वाचित सरपंच, उपरसरपंच, अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ उक्त अतिथियों ने मॉ सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की ।

**जनपद अध्यक्ष अर्चना खोंगल, उपाध्यक्ष अजय अवसरे एवं 22 जनपद सदस्यो ने ली शपथः** शपथ ग्रहण समारोह के इस समागम में नवनिर्वाचित जनपद अध्यक्ष अर्चना रेवेन्द्र खोंगल एवं नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष अजय अवसरे को सर्वप्रथम मुख्य अतिथि विधायक सहसराम कोरोटे द्वारा पद एवं गोपनीयता तथा पंचायती राज अधिनियम की शपथ दिलाई गई। इसी कडी में 22 जनपद सदस्य जिनमें रेवाजी धेडुलाल करहाटकरे, कविता महेश मातरे, गोवर्धन रामलाल घोरमारे, श्यामलाल केशोराव बेदरे, पदमा भरतलाल कबीरे, नीलकंठ जियालाल ठाकरे, टूमनलाल चुन्नीलाल घोरमारे, सुरेश जगतराम नारनौरें, युवराज उदेलाल पटले, रेखा बाई विकेश मडामें, भुनेश्वरी अरुण कुमार कबीरे, महेन्द्र चमरूलाल पटेल, योगेश पैकराम कुर्राहे, भारती सुरेश चुटे, मीरा किशोरी लाल लिल्हारे, सपना विजय मस्करे, शीतल भूषण बनोठे, चित्ररेखा पवनलाल भोयर, सरस्वती तुकाराम बारेकर, महेश मुन्नालाल चौधरी, नर्मदा बाई रामकिशन मर्सकोले, दिनेश बसंतराव लाड़े को विधायक सहसराम कोरोटे के द्वारा शपथ दिलाई गई।

**हर घर तिरंगा अभियान के तहत पहनाइ गइ पगड़ीः** भारत सरकार के द्वारा संचालित हर घर तिरंगा घर घर तिरंगा के तहत उपस्थित समस्त नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं पूर्व अध्यक्ष उपाध्यक्ष, सहित समस्त सदस्यो गणो का तिरंगे रंग की पगड़ी पहनाकर हर घर तिरगां घर घर तिरंगा का संदेश दिया गया।

**पूर्व अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं जनपद सदस्यो का शाल श्रीफल भेंट कर दी विदाईः** नवनिर्वाचित अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं जनपद सदस्यो के शपथ ग्रहण समारोह के पश्चात जनपद पंचायत सभा हॉल में पूर्व अध्यक्ष अमृतलाल मेश्राम, उपाध्यक्ष सत्यपाल मड़ावी एवं 22 पूर्व सदस्यो का उपस्थिती अतिथियो एवं जनपद सीईओ के द्वारा शॉल श्रीफल भेंट कर विदाई दी गई तथा पूराने कार्यकाल को याद किया जाकर, नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष अग्रिम कार्यकाल की शुभकामनाऐं प्रेषित की गई।

**ये रहे उपस्थित**-उक्त आयोजन प्रमुख रूप में अमित घोंघडे, राजू मेंढे, सुरेन्द्र चौधरी, घनश्याम पटले, ईश्वर उमरे, लिखेन्द्र उपराडे, आसिफ बेग, योगेन्द्र मिश्रा, अफसल बेग, सिद्धीक अंसारी, शमीम खान, संजय मुन्ना वानखेडे, लीलाराम मानकर सरपंच कंसुली, धर्मेन्द्र चुटे, छोटू चौरागड़े, कोमल काड़े, देबीलाल चौधरी, सय्यद अरशद, ईश्वर डहारे, जागृति ऐडे, मोहन भाऊ ऐडे, गणेश खोंगल, श्रीमती किरण खोंगल, सुनीता चौरागडे बहेला सरपंच, योगीता बाली, संजय बारेकर, राजा नागफासे, विजय मोरे सफिखुर्र रहमान आदि उपस्थित रहे।

# नगर निगम स्पीकर पद पर मनोज तोमर निर्वाचित





## नगर निगम परिषद ग्वालियर का प्रथम सम्मेलन आयोजित

## परिषद के चार अपीलीय सदस्यों का भी निर्विरोध हुआ निर्वाचन

## कलेक्टर एवं पीठासीन अधिकारी सिंह ने सम्पन्न कराई निर्वाचन की प्रक्रिया

ग्वालियर । नव निर्वाचित नगर पालिक निगम परिषद ग्वालियर का प्रथम सम्मेलन शुक्रवार 5 अगस्त को आयोजित हुआ। प्रथम सम्मेलन में कलेक्टर एवं पीठासीन अधिकारी कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने नगर पालिक निगम के अध्यक्ष (स्पीकर) एवं अपील समिति के चार सदस्यों का निर्वाचन सम्पन्न कराया। उन्होंने नगर पालिका अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत यह निर्वाचन सम्पन्न कराया। निर्वाचन में श्री मनोज सिंह तोमर नगर निगम परिषद के अध्यक्ष (सभापति) चुने गए। पीठासीन अधिकारी श्री सिंह ने उन्हें निर्वाचित होने का प्रमाण-पत्र प्रदान किया।

नगर पालिक निगम परिषद ग्वालियर के स्पीकर पद के लिये वार्ड-55 के पार्षद मनोज सिंह तोमर एवं वार्ड-27 की पार्षद श्रीमती लक्ष्मी सुरेश सिंह गुर्जर ने नामांकन भरे थे। महापौर डॉ. शोभा सतीश सिंह सिकरवार तथा नगर निगम के सभी 66 नव निर्वाचित पार्षदों ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। इस प्रकार स्पीकर चुनने के लिए कुल 67 मत डाले गए। जो सभी विधिमान्य पाए गए। स्पीकर के निर्वाचन में मनोज सिंह तोमर को 34 एवं श्रीमती लक्ष्मी सुरेश गुर्जर को 33 मत प्राप्त हुए। मतों की गिनती के बाद कलेक्टर एवं पीठासीन अधिकारी कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने मनोज सिंह तोमर को विजयी घोषित किया।

नगर निगम के स्पीकर पद की निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद कलेक्टर एवं पीठासीन अधिकारी कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने नगर पालिक अधिनियम के प्रावधानों के तहत अपील समिति के चार सदस्यों के निर्वाचन की प्रक्रिया सम्पन्न कराई। चार सदस्यों के लिये केवल चार उम्मीदवारों के नाम प्राप्त हुए। इस प्रकार नामांकन दाखिल करने वाले चारों सदस्यों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। अपील समिति के चार सदस्यों के लिए सर्वश्री प्रमोद खरे, पी पी शर्मा, संजीव पोतनीश व देवेन्द्र सिंह राठौर द्वारा नामांकन दाखिल किए गए थे। कलेक्टर एवं पीठासीन अधिकारी श्री सिंह ने इन सभी को निर्वाचित होने के प्रमाण-पत्र प्रदान किए।

कलेक्टर एवं पीठासीन अधिकारी कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने महापौर डॉ. शोभा सिकरवार, नगर पालिक निगम के नव निर्वाचित स्पीकर मनोज सिंह तोमर एवं अपील समिति के सदस्यगणों सहित सभी पार्षदों को बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। साथ ही कहा कि आप सभी मिल-जुलकर ग्वालियर शहर के विकास में नए आयाम स्थापित करें। यहाँ जलविहार स्थित नगर निगम परिषद के सभागार में राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के साथ नगर निगम के प्रथम सम्मेलन का शुभारंभ और राष्ट्रगान ÷जन-गण-मन÷ के गायन के साथ सम्मेलन का समापन हुआ। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित सांघी, नगर निगम आयुक्त किशोर कान्याल व अपर कलेक्टर इच्छित गढ़पाले सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### संभाग आयुक्त एवं प्रशासक सक्सेना ने कार्यभार सौंपा

संभाग आयुक्त एवं नगर निगम के प्रशासक आशीष सक्सेना ने परिषद भवन में पहुँचकर महापौर डॉ. शोभा सिकरवार एवं सभापति मनोज सिंह तोमर को बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। साथ ही उन्हें औपचारिक रूप से कार्यभार सौंपने की प्रक्रिया निभाई। इस अवसर पर संभाग आयुक्त श्री सक्सेना ने नवगठित नगर निगम परिषद का आह्वान किया कि आप सभी समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति के कल्याण को ध्यान में रखकर शहर की विकास योजनाओं को मूर्तरूप दें। महापौर डॉ. सिकरवार एवं सभापति श्री तोमर ने अपने उदबोधन में भरोसा दिलाया कि आर्थिक रूप से कमजोर एवं समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्तियों तक सरकार की योजनाओं की पहुँच आसान करना हम सभी का ध्येय होगा।

### --- यहाँ ,भितरवार में --

### नव निर्वाचित जनपद अध्यक्ष , उपाध्यक्ष और जनपद सदस्यों ने लिया संकल्प

भितरवार, ब्यूरो। क्षेत्र की जनता ने जो जिम्मेदारी सौंपी है। उसका ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करेगें, बिना भेदभाव किए लोगों को मूलभूत सुविधाएं प्रदान कराने में अपनी भूमिका निभाएगें क्षेत्र के सर्वागीण विकास के लिए आवश्यक कार्रवाही करेगें। यह संकल्प नव निर्वाचित जनपद अध्यक्ष,उपाध्यक्ष और पार्षदों ने लिया। मध्य प्रदेश पंचायत राज एवं स्वराज अधनियम की धारा के अंतगर्त शुक्रवार को जनपद सभागार में नव निर्वाचित जनपद सदस्यों का प्रथम सम्मेलन आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता मोहन सिंह राठौर उपस्थित थे। समारोहपूर्वक आयोजित सम्मेलन में जनपद सीईओ कुलदीप श्रीवास्तव ने नव निर्वाचित जनपद अध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी नारायण जाटव, जनपद उपाध्यक्ष जगमोहन प्रजापति सहित जनपद क्षेत्र के सभी 25 जनपद सदस्यों को संकल्प दिलाने की कार्वाही शुरू की। जिसमें जनपद क्षेत्र नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने संकल्प लिया कि हम भारतीय संविधान के नियमों का पालन ईमानदारी पूर्वक करेंगे। सभी एक समान समझते हुए आवश्यक विकास कार्य कराने का प्रयास करेगें।

# ग्वालियर पुलिस ने "सायबर काईम अवेयरनेस" विषय पर किया सेमीनार का आयोजन

## मिसहिल स्कूल ग्वालियर में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को सायबर अपराधों से बचाव के संबंध में दी जानकारी




ग्वालियर। पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री अमित सांघी,भापुसे* के निर्देश पर ग्वालियर जिले में चलाये जा रहे ''सायबर काईम अवेयरनेस'' प्रोग्राम के तहत आज दिनांक को ''मिसहिल स्कूल, ग्वालियर'' में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को सायबर क्राइम एवं उसकी रोकथाम के संबंध में जानकारी दी गई। सेमीनार में स्कूल के स्टॉफ सहित लगभग 300 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। इस सेमीनार का प्रारंभ *अति0 पुलिस अधीक्षक शहर(पूर्व/अपराध) श्री राजेश डण्डोतिया* द्वारा अपने उद्बोधन से किया गया। एएसपी क्राईम द्वारा सेमीनार में उपस्थित सभी को सायबर अपराधों से जुड़ी विभिन्न केस स्टडीज से अवगत कराया। उन्होने वर्तमान में पुलिस के पास आने वाली सायबर अपराध संबंधी शिकायतों को साझा किया। जिनमें उनके द्वारा मुख्यतः सेक्सट्रार्सन, सोशल मीडिया फ्रॉड, कॉल सेंटर के माध्यम से फ्रॉड, लॉटरी फ्रॉड आदि के संबंध मे व्याख्यान दिया गया। सेमीनार में उपस्थित सभी को एएसपी क्राईम द्वारा स्मार्ट फोन का उपयोग करते समय कौन-कौन सी सावधानियां बरतें इस विषय पर भी प्रकाश डाला गया, साथ ही उनको सायबर अपराधों से बचने के उपायो से भी अवगत कराया। सायबर काईम अवेयनेस की ओर ग्वालियर पुलिस द्वारा किये गये प्रोग्रामों का मुख्य उद्देश्य आने वाली नवीन पीढ़ी को सायबर अपराधों के प्रति जागरूक करना है। जिससे भविष्य में सायबर संबंधी अपराधों पर पूर्णतः रोक लगाई जा सके।

इस सेमीनार में अति0 पुलिस अधीक्षक शहर(पूर्व/अपराध) के साथ-साथ प्रभारी सायबर सेल उनि0 रजनी सिंह रघुवंशी, आर. जैनेन्द्र गुर्जर सायबर सेल, ग्वालियर तथा मिसहिल स्कूल के सेक्रेटरी श्री सरनाम सिंह, प्रिंसिपल डॉ0 एसपी सिंह, ज्वांइट सेक्रेटरी श्री अर्जुन सिंह, वाईस प्रिसिंपल दीप्ति श्रीवास्तव तथा अन्य स्टाफगण मौजूद रहे।

# व्यक्ति अधिकारों के साथ अपने कर्तव्यों का भी निर्वहन करें : मुनिश्री

## भगवान आदिनाथ की आरधान से 48 दिवसीय भक्तामर विधान गूंज रहा है।



ग्वालियर । जीवन में सफलता पाने के लिए जरूरी है कि व्यक्ति अधिकारों के साथ अपने कर्तव्यों का भी निर्वहन करें। कर्तव्य पालन जीवन में सफलता पाने का एक प्रमुख राज है। अपने कर्तव्यों का पालन करके ही जीवन में सफलता हासिल की जा सकती है। आज व्यक्ति अपने कर्तव्यों का भान भूलता जा रहा है। यदि किसी ने आपका किसी भी रूप में मदद या सहयोग किया है तो उसका जरूर धन्यवाद प्रकट करें। यह शिष्टाचार की भी निशानी है।यह बात श्रमण मुनिश्री विनय सागर महाराज ने साधनमय बर्षयोग समिति एवं सहयोगी संस्था पुलक मंच परिवार ग्वालियर के तत्वावधान में आज शुक्रवार को माधवगंज स्थित चातुर्मास स्थल अशियाना भवन में आयोजित 48 दिवसीय श्री भक्तामर महामंडल विधान में धर्मसभा को संबोधित करते हुए कही।

### इंद्रो ने भगवान जिनेंद्र किया मस्तकाभिषेक

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि मुनिश्री विनय सागर महाराज ने मंत्र का उच्चारण इंद्रो ने भक्तिभाव के साथ भगवान आदिनाथ का मस्तकाभिषेक किया। मुनिश्री ने मंत्रो का उच्चारण कर शांतिधारा राजेश जैन लाला व ज्योतिचार्य हुकुमचंद जैन परिवार ने की। मुनिश्री के पादप्रक्षालन एवं शास्त्रभेट गुरुभक्त जिनेंद्र जैन वीरेंद्र जैन परिवार ने किए। विधानचार्य विजय कुमार जैन व ज्योतिचार्य हुकुमचंद जैन ने भक्तामर के 48 ऋद्धि सिद्धि मंत्रों के उच्चारण के साथ विधान में श्रद्धालुओं ने अष्ट्रद्रव्य से पूजन कर भजन सम्राट शुभम जैन सैमी के भक्तिमय स्वरों के साथ भगवान आदिनाथ के समक्ष भक्तामर मंडप पर श्राद्ध भक्ति से साथ समर्पित करें।

# शहर की विभिन्न सडकों पर किया मुरम डालकर सडक संधारण का कार्य

ग्वालियर। बरसात के कारण सडक में हुए गड्ढों को दुरुस्त करने के लिए नगर निगम ग्वालियर द्वारा सडक संधारण का कार्य तेजी से किया जा रहा है। इसी के तहत आज शहर के विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न सड़कों पर मुरम डालकर सडक संधारण का कार्य किया गया।

सहायक यंत्री पेच रिपेयरिंग शाखा श्री रोहित तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि शहर के नागरिकों की सुविधा एवं सुगम यातायात के लिये, शहर के मुख्य सड़कों के गड्ढों को तेजी से भरने के लिए मुरम डालकर सडक संधारण का कार्य तेजी से किया जाए। निगमायुक्त श्री कन्याल के निर्देश के क्रम में आज शुक्रवार को वार्ड क्रमां 52 गुडा नाका पर, महेश नगर सिटी सेंटर, वार्ड 7 गंगा विहार जलालपुर के पास, दीनदयाल नगर, वार्ड 58 हरीशंकरपुरम, चावडी बाजार, सिटी सेंटर, छप्पर वाला पुल, शानशोकत, ऊंट पुल के पास, फक्कड बाबा के सामने, हुजरात चैराहा, नया बाजार, सागरताल, राधाविहार कॉलोनी, लक्ष्मीबाई कॉलोनी, लक्ष्मनपुरा आवकारी विभाग वाली रोड, नूर मस्जिद वाली रोड पर, सागरताल चैराहा के पास रोड पर मुरम डालकर गड्ढों को भरा गया साथ ही शहर के अन्य क्षेत्रों में सडक संधारण का कार्य भी किया गया।

# जीवात्मा परमात्मा का विशुद्ध मिलन ही महारास है : दीपा मिश्रा



ग्वालियर । सिद्ध पीठ श्री गंगा दास जी की साला में झूलन महोत्सब के अबसर पर पूरन बैराठी पीठाधीशुर स्वामी राम सेवक दास जी महाराज के पावन सानिध्य में श्री मद भागवत कथा पूज्य दीपा मिश्रा (राधा माधव आश्रम वृन्दाबन ) ने महारास की कथा का सुन्दर बर्णन किया बताय की जीवात्मा ओर परमात्मा का बिशुद्ध मिलन ही महारास है उन्होंने बताया की महारास में उन्ही गोपियो को प्रवेश मिला जिनका प्रभु ने चीर हरण आवरण भंग किया था ।

उन्होंने बताया की माया बड़ी प्रबल है माया का पर्दा तो जगत्पति परमात्मा के द्वारा हटाया जा सकता यह हर किसी की सामर्थ नहीं है इस लिए हर किसी जन को प्रभु से यह प्राथना है की हम पर अपनी कृपा करे जैसे गंगा की धारा हिमालय से निकल कर समुद्र में नहीं मिल जाती जब तक उसे चेन नहीं मिलता उसी प्रकार जीवात्मा जब तक परमात्मा को प्राप्त नहीं कर लेता उसे भी चेन नहीं अतः परमात्मा के प्रेम रूपी मिलन ही महारास है आगे के प्रसंग में कंस वध की कथा सुनाई भगवान ने कंस का वध करके सभी मथुरा बसियो को भय मुक्त किया एवं ठाकुर जी के विवाह की सुन्दर कथा सुनाई भगवान का विवाह भगवती रुक्मणि जी के साथ बड़ी ही धूम धाम से मनाया गया।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए

इस मोके पर परम पूज्य महंत स्वामी राम सेवक दास महारज मुख्य यजमान श्रीमति सुचिता चन्दन अग्रबाल श्रीमति कुसम ललित खण्डेलबाल अर्जी बाले गणेश मन्दिर रेखा ओमप्रकाश अग्रबाल वरुण खण्डेलबाल गायत्री अनिल गुप्ता मोना खण्डेलबाल द्वारा आचार्य जानकी वल्लभ पाठक ने बिधि विधान से पूजा कराया गया एवं रात्रि में सुन्दर रास लीला का मंचन किया गया ओर महारास की सुन्दर लीला का मंचन किया गया गया एवं मोर नृतय देख करके लोग मन्त्र मुग्द हो गए।

## संक्षिप्त समाचार

### हनुमान चालीसा पढ़ो प्रतियोगिता में 138 बच्चों ने भाग लिया

**बालजी मंदिर गोलपाड़ा में राम मंदिर निर्माण के शिलान्यास की दूसरी बरसी के उपलक्ष्य में हुआ भव्य कार्यक्रम**

ग्वालियर । संकट मोचन हनुमान (बालाजी) मंदिर में राम मंदिर निर्माण के शिलन्यास के दूसरी सालगिरह पर भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसके तहत सुबह आयोजित हनुमान चालीसा पढ़ो प्रतियोगिता संपन्न हुई। इसके बाद हवन यज्ञ व महाआरती की गई। उक्त जानकारी बालाजी सरकार के चरणसेवक जगवीर दास ने दी। उन्होंने बताया कि पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार सुबह 10 बजे मां कैला देवी और बालाजी सरकार के पूजन के बाद हनुमान चालीसा पढ़ो प्रतियोगिता शुरू हुई। इसमें 5 से 18 आयु वर्ग के बच्चों ने मुखाग्र हनुमान चालीसा का वाचन किया। इस दौरान 138 बच्चों ने अपनी सुमधुर आवाज में चालीसा का वाचन किया। कई बार तो निर्णायक मंडल के सदस्य भी हतप्रभ रह गए कि बच्चे इनती मधुर आवाज और लय के साथ बिना देखे हनुमान चालीसा का वाचन कर रहे हैं। यह कार्यक्रम 4 बजे तक अनवरत रूप से जारी रहा। चालीसा में विजेता रहे बच्चों का पुरस्कार वितरण महापौर डॉ.शोभा सिकरवार की व्यस्तता के कारण नहीं हो पाया। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम की तिथि शीघ्र ही घोषित कर सभी को सूचित किया जाएगा। निर्णायक मंडल में प्रेम शंकर अवस्थी संस्कृत महाविद्यालय एवं पंडित पियूष शास्त्री प्रमुख रूप से मौजूद रहे। श्री तोमर ने बताया कि चालीसा प्रतियोगिता संपन्न होने के बाद मंदिर में चलने वाला हवन-यज्ञ शुरू हुआ। यह यज्ञ पिछ्ले 27 महीनों से अनवरत रूप से जारी है। यज्ञ तब तक जारी रहेगा जब कि अयोध्या में राममंदिर रामलाल विराजमान नहीं हो जाते।

### ग्वालियर में खोला जाए पासपोर्ट लघु सेवा केंद्र

**- केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने विदेश मंत्री जयशंकर को लिखा पत्र**

**- केंद्र के खुलने से प्रतिदिन बन सकेंगे 300 से अधिक पासपोर्ट***

ग्वालियर। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री जतोतिरादित्य सिंधिया ने ग्वालियर -चंबल अंचल के लोगों को जल्द पासपोर्ट उपलब्ध कराने के लिए नगर में नया पासपोर्ट लघु सेवा केंद्र खोले जाने की मांग की है। केंद्र के खुलने से अंचल के लोगों को लाभ होगा। सिंधिया ने विदेश मंत्री एस जयशंकर को पत्र लिखकर यह मांग की है। पत्र में वर्णित है, मैं आपका ध्यान ग्वालियर में पासपोर्ट सेवा हेतु पासपोर्ट सेवा लघु केंद्र खोले जाने की ओर आकृष्ट करना चाहता हूं। नवीन पासपोर्ट हेतु ग्वालियर में डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र संचालित किया जा रहा है , लेकिन उक्त केंद्र पर ग्वालियर अंचल के सात जिलों का भार होने के कारण अंचलवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । ग्वालियर के पासपोर्ट कार्यालय में प्रतिदिन मात्र 50-55 ही पासपोर्ट बन पा रहे हैं , जबकि इंदौर में पर्याप्त स्टॉफ व भव्य कार्यालय होने होने से 350 सामान्य एवं 45 तत्काल का स्लॉट है। ग्वालियर में सामान्य रूप से पासपोर्ट बनवाने के लिए 80 का स्लॉट है और तत्काल आवेदन के लिए कोई स्लॉट उपलब्ध नहीं है । साथ ही स्टॉफ व अन्य सुविधाओं की भी कमी है । समाचारपत्रों में छपी सूचना एवं म.प्र . चेंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री ग्वालियर से प्राप्त पत्र के आधार पर केंद्र की जरूरत देखी जा रही है। आपसे अनुरोध है कि ग्वालियर अंचलवासियों की मांगों के मददेनजर इंदौर की तर्ज पर ग्वालियर में भी पासपोर्ट लघु सेवा केंद्र पासपोर्ट सेवा केंद्र खोला जाये ।

### रोज करो योग हमेशा रहो निरोग.....

ग्वालियर । माधव बाल निकेतन एवं वृद्ध आश्रम लक्ष्मीगंज में पवित्र सावन के माह में भजन एवं सत्संग का आयोजन पूरे 1 माह चलेगा। इसी के अंतर्गत आज शिव पाहवा और सतेंद्र शास्त्री जी ने शुक्रवार को संगीतमयी भजन के साथ योग का कार्यक्रम वृद्ध माता पिताओं के बीच मनाया गया। माधव बाल निकेतन एवं वृद्ध आश्रम के चेयरमैन नूतन श्रीवास्तव ने बताया कि यह माह सत्संग एवं भजन वृद्ध माता-पिता ओं के लिए भगवान में कैसे मन लगे अपना बकाया जीवन कैसे हरि चरणों में व्यतीत करें इसके लिए है आयोजन किया गया है।इसी के साथ आज शुक्रवार को योग और भजनमयी संगीत का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी वृद्ध माता पिताओं ने भजनों का श्रवण लाभ लिया। योग के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए श्री पाहवा और सत्येंद्र शास्त्री जी ने बताया कि योग हमारे शरीर के लिए क्यों आवश्यक है ,और योग से हम कितनी बीमारियों से दूर रह सकते है। उसी के साथ वृद्ध माता पिताओं को योगा कराया गया। इस अवसर पर वृद्ध माता-पिताओं ने पूरे मनोयोग से भजनों और योग कार्यक्रम का आनंद लिया। सबसे पहले आश्रम में स्थित माता के मंदिर का पूजन किया गया। माता को माला पहनाकर भोग लगाया गया। शिव पाहवा एवं सत्येंद्र शास्त्री द्वारा तीज के भजनों को गाकर मौजूद श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया।

**ये रहे मौजूद** : इस अवसर पर माधव बाल निकेतन एवं वृद्ध आश्रम के अध्यक्ष पवन भटनागर, चेयरमैन नूतन श्रीवास्तव सचिव श्याम श्रीवास्तव संस्था अधीक्षिका सीमा सक्सेना, राम दास मिश्रा जी, मनोज श्रीवास्तव,रेखा शुक्ला,शालिनी शुक्ला,दिव्य जागृति संस्थान की एक सैकड़ा से अधिक बहनें और हमारे आसपास के भक्तजन भी एकत्र रहे।

**कपिल भार्गव सर्व ब्राह्मण महासंघ के युवा जिलाध्यक्ष बने**

ग्वालियर। सर्व ब्राह्मण महासंघ के अध्यक्ष आनंद नारायण गौड़ ने समाजसेवी कपिल भार्गव को महासंघ का युवा जिला अध्यक्ष मनोनीत किया है। इस मौके पर सर्व ब्राह्मण महासंघ के कोषाध्यक्ष प्रकाश नारायण शर्मा, प्रवक्ता डॉ. जयवीर भारद्वाज, उपाध्यक्ष इंजी. एसके शर्मा, श्रीराम शर्मा, महामंत्री रामनारायण मिश्रा, राजेश मिश्रा ने उनका माला पहनाकर स्वागत किया और मिठाई खिलाकर बधाई दी।

### स्टेशन बजरिया की दुकानों से जप्त की अमानक पॉलीथिन, वसूला जुर्माना



ग्वालियर। सिंगल यूज प्लास्टिक के उत्पादन, भण्डारण, परिवहन, क्रय-विक्रय एवं उपयोग पर प्रतिबंध होने पर निर्माता, स्टॉकिस्ट, रिटेलर तथा विक्रेताओं पर निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देशानुसार नगर निगम सीमा क्षेत्र में निरंतर छापामार कार्यवाही की जाकर संबंधितों के खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है। सहायक स्वास्थ्य अधिकारी श्री किशोर चैहान ने स्टेशन बजरिया में बनी दुकानों का निरीक्षण कर दुकानदारों से साफ सफाई बनाये रखने के लिये कहा साथ ही दुकानदारों द्वार उपयोग की जा रही अमानक पॉलीथिन को जप्त कर 1000 रूपये का जुर्माना वसूल किया। कार्रवाई में जेडएचओ श्री राकेश करोसिया, श्री विवेक त्यागी एवं डब्ल्यू एच उपस्थित रहे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णौपुरम्, एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रित करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास, भिण्ड रोड, गोले का मंदिर जिला ग्वालियर, मध्य प्रदेश 474005 से प्रकाशित। संपादक- भरत सिंह चौहान पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार। E-mail : pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, M.: 8269307478